अषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष 20 वर्ष, अंक 214 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 29 जुलाई 2021 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

स्थायी सुख, शान्ति व निर्भय वातावरण के लिए ''क्रियायोग अभ्यास करें'' सत्य की अनुभूति में सभी प्रकार के क्लेश हमेशा के लिए दूर हो जाते हैं। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध कर दिया है कि क्रियायोग के द्वारा हम सत्य से जुड़ जाते हैं। ज्ञान, शक्ति, शान्ति, आनन्द, नाम-यश, धन आदि के लिए मनुष्य को दर-दर भटकना पड़ता है, और प्राप्त न होने पर मनुष्य में हिंसक प्रवृत्ति प्रकट होती है। क्रियायोग में भक्ति दृढ़ होने पर ज्ञान, शक्ति, शान्ति,आनन्द, धन आदि सब कुछ स्वयं मनुष्य के पास आ जाते हैं।

क्रियायोग प्राचीनतम् एवं नित्य नवीन पूर्ण विज्ञान है। ईश्वरीय नियमों के अनुसार कलिकाल में क्रियायोग का ज्ञान विलुप्त हो गया। आरोही द्वापर युग के आते ही मृत्युंजय अमर गुरु श्री महावतार बाबा जी द्वारा क्रियायोग को पुनर्जीवित कर पुनः परिष्कृत किया गया। उन्नीसवीं शताब्दी में महावतार बाबाजी ने क्रियायोग को लाहिड़ी महाशय जी के माध्यम से मानवजाति को दिया। क्रियायोग ही सनातन धर्म में वर्णित यज्ञ है। क्रियायोग ही वेदपाठ है। क्रियायोग अभ्यास से मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरूप ''अहंब्रह्मास्मि'' की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्
क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान
प्रयागराज
10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

# लद्दाख से हिमाचल तक, कई जगह बादल फटने से भारी तबाही

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर, लद्दाख से लेकर हिमाचल प्रदेश तक पहाड़ी इलाकों में बुधवार को आसमान से जैसे मुसीबतों की बारिश हुई। कई जगह बादल फटने से कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई, कई मकान बह गए तो एक मिनी हाइड्रा पावर प्लाट को भी नुकसान हुआ है।

हालांकि, पश्चिमी महाराष्ट्र में 200 से अधिक लोगों की जान लेने के बाद बारिश में कुछ कमी हुई है। जम्मू-कश्मीर में सुबह जहां किश्तवाड़ में बादल फटे तो शाम को अमरनाथ गुफा के पास भी बादलों ने सारा पानी एक ही जगह उड़ेल दिया। लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में भी बादल फटे और तबाही का मंजर छोड़ गए।

हिमाचल प्रदेश में मूसलाधार बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई और सात लोगों के लापता होने की सूचना है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। राज्य आपदा प्रबंधन निदेशक सुदेश कुमार मोख्ता ने बताया कि लाहौल-स्पीति में उदयपुर के एक अधिकारी और दिल्ली के एक पर्यटक समेत चार लोग लापता हैं और उनके मारे जाने की आशंका है।





मोख्ता ने कहा कि लाहौल-स्पीति के उदयपुर में मंगलवार की रात लगभग 8 बजे अचानक आई बाढ़ में 12 मजदूर बह गए। सात शव बरामद किए गए, दो को बचा लिया गया जबकि तीन अभी भी लापता हैं। मरने वालों में चार हिमाचल प्रदेश के मंडी के हैं जबकि एक जम्मू-कश्मीर के रियासी का है। दो शवों की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। मृतकों की पहचान मंडी के रहने वाले शेर सिंह (62), मेहर चंद (50), नीरथ राम (42) और रूम सिंह (41) के रूप में हुई है जबकि एक अन्य की पहचान जम्मू-कश्मीर के रियासी के रहने वाले मोहम्मद स्लेम के तौर पर हुई है। में तोजिंग नाले पर बादल फटने से आई बाढ़ में सात लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि चम्बा जिले में दो लोगों की मौत हुई है। कुल्लू जिले में पनबिजली परियोजना

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में बुधवार को बादल फटने से अचानक आयी बाढ़ और भारी बारिश से सात लोगों की मौत हो गई और अन्य 17 घायल हो गए। एक प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि किश्तवाड़ जिले के दाछन गांव में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में कम से कम 38 लोग फंस गए, जिनमें से सात लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा, ''हमने मलबे से सात शव बरामद किये हैं और 14 लोग अभी भी लापता हैं।

निकाले गए 17 में से छह गंभीर रूप से घायल हैं जबकि 11 को मामूली चोटें आई हैं।'' अधिकारी ने बताया कि मृतकों के नाम गुलाम मोहम्मद की पतनी सोजा बेगम, जुबैर अहमद की पतने रमीला बेगम, गुलाम रसूल का बेटा गुलाम नबी, नजीर अहमद का बेटा अब्दुल मजीद, हाजी लाल दीन की पतनी जैतूना बेगम, मोहम्मद इकबाल का बेटा तौसीफ इकबाल, नसीरुल्लाह का पुत्र गुलाम मोहिउद्दीन हैं। पुलिस सेना और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंच गयी हैं और बचाव अभियान अभी भी जारी है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा है कि केंद्र सरकार सरकार स्थिति पर करीब से नजर रखे हुए है।

## मुझे 3 बार कहा बिहारी गुंडा... बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा पर लगाए आरोप



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सांसद निशिकांत दुबे ने तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दुबे ने कहा है कि मोइत्रा ने उन्हें आईटी कमिटी की बैठक में तीन बार 'बिहारी गुंडा' कहा। दुबे ने इसे हिंदी भाषी लोगों के प्रति टीएमसी का नफरत बताया है। झारखंड के गोड्डा से सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से शिकायत करते हुए ट्वीट किया, ''लोकसभा स्पीकर जी अपने 13 साल के संसदीय जीवन में पहली बार गाली सुना, तृणमूल कांग्रेस की सदस्य महुआ मित्रा द्वारा बिहारी गुंडा आईटी कमिटी की मीटिंग में तीन बार बोला गया। ओम बिरला जी, शशि थरूर जी ने इस संसदीय परंपरा को खत्म करने की सुपारी ले रखी है।''

लोकसभा ॅत्र्व्र्ज्ेिवे जी अपने 13 साल के संसदीय जीवन में पहली बार गाली सुना,तृणमूल कॉग्रेस की सदस्य महुआ मोइत्रा द्वारा बिहारी गुंडा आईटी कमिटि के मीटिंग में तीन बार बोला गया ॅदर्स्र्त्र्व्दू ज्ौर्ीप्प्रऊर्ीप्ददे जी ने इस संसदीय परम्परा को ख़त्म करने की सुपारी ले रखी है

## कैसे मिलेगी यूपी में जीत? सीएम योगी की मौजूदगी मे बीजेपी सांसदों संग नड्डा ने बनाई रणनीति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने मिशन-2022 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके तहत आज बुधवार को दिल्ली में यूपी के सभी सांसदों की कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में एक बैठक हुई। इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ-साथ बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल हुए हैं। बैठक के बारे में आधिकारिक रूप से कोई बयान सामने नहीं आया है लेकिन माना जा रहा है कि केंद्र व यूपी सरकार के कामकाजों को आम लोगों के बीच लेकर जाने और जीत के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक को लेकर बीजेपी ने पहले से ही यूपी के अपने सांसदों को दिल्ली में ही रहने का कहा था। संसद का मानसून सत्र चल रहा इसी को देखते हुए यह बैठक दिल्ली में रखी गई थी। बैठक में सांसदों को तीन-तीन क्षेत्रों के हिसाब से बुलाया गया था। 27 जुलाई को कानपुर-बुंदेलखंड, पश्चिम व ब्रज क्षेत्र के सांसदों को बुलाया गया जबकि 29 जुलाई को अ?वध, काशी और गोरखपुर के सांसदों को बुलाया गया।



इस बैठक में केंद्र सरकार की नीतियों को आम लोगों तक पहुंचाने के साथ ही सही ढंग से प्रचार-प्रसार पर भी मंथन हुआ। बैठक में सांसदों से उनके जिले की योजनाओं के बारे में फीडबैक लिया गया। वहीं विधासभा चुनाव-2022 के मद्देनज़र मंथन भी हुआ। साथ ही जिलों में सरकार के कामकाज के बारे में भी जानकारी भी ली गई। माना जा रहा है कि बैठक में सांसदों को विधानसभा चुनावों के मद्देनज़र संपर्क कार्यक्रम व प्रचार की योजनाओं के बारे में भी जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा महामंत्री संगठन सुनील बंसल, यूपी प्रभारी राधा मोहन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह आदि मौजूद थे।

## पोर्न केस में फंसे राज कुंद्रा और शिल्पा शेट्टी को एसईबीआई ने भी दिया झटका, 3 लाख रुपए का लगाया जुर्माना

**मुंबई (एजेंसी)।** पोर्न केस में फंसे कारोबारी राज कुंद्रा पर अब सिक्यॉरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (ऐंिं) ने भी चाबुक चला दिया है। सेबी ने राज कुंद्रा के साथ उनकी पतनी शिल्पा शेट्टी और उनकी कंपनी वियान इंडस्ट्रीज पर 3 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। इनसाइडर ट्रेडिंग ( भेदिया कारोबार) नियमों के उल्लंघन की वजह से इनपर यह जुर्माना लगाया गया है। सेबी की ओर से बुधवार को जारी आदेश के अनुसार उनपर कुल मिलाकर 3 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है जिसका भुगतान उन्हें संयुक्त रूप से करना है। शिल्पा और रिपू सूदन कुंद्रा (राज कुंद्रा) वियान इंडस्ट्रीज के प्रमोटर हैं।

नियामक ने यह आदेश सितंबर, 2013 से दिसंबर, 2015 के दौरान की गई जांच के बाद दिया है। सेबी ने इन इकाइयों की भेदिया कारोबार प्रतिबंध नियमों के उल्लंघन के लिए जांच की थी। अक्टूबर, 2015 में वियान इंडस्ट्रीज ने चार लोगों को पांच लाख शेयरों का तरजीही आवंटन किया था। इसके अलावा रिपू और शिल्पा को 2.57 करोड़ रुपये (प्रत्येक) के 1,28,800 (प्रत्येक) शेयरों का आवंटन किया गया।

## बैंक डूबे या बंद हो, 90 दिन में ग्राहकों को मिल जाएगी 5 लाख तक की बीमा की रकम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगर कोई बैंक डूब जाता है या फिर आरबीआई की ओर से लाइसेंस रद्द कर दिया जाता है तो ग्राहकों को डरने की जरूरत नहीं है। बैंक के ग्राहकों को डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन (अ्ण्उण) के तहत 90 दिन के भीतर 5 लाख रुपए तक की बीमा रकम मिल जाएगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल (कैबिनेट) ने बुधवार को हुई बैठक में अ्ण्उण एक्ट में बदलाव को मंजूरी दे दी है। इस बदलाव की जानकारी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दी है। किसे मिलेगी राहतः इस बदलाव के बाद उन ग्राहकों को राहत मिलेगी, जिनकी रकम किसी न किसी वजह से बंद हो चुके या लाइसेंस रद्द किए गए बैंकों में फंसी हुई है। आपको बता दें कि बीमा की रकम पहले एक लाख रुपए थी लेकिन साल 2020 में सरकार ने डिपॉजिट इंश्योरेंस की लिमिट 5 गुना बढ़ाने का फैसला किया था। इसके बाद अब बीमा की रकम देने की अवधि भी तय कर दी गई है।मतलब ये हुआ कि 90 दिन में ही ग्राहकों को बीमा की रकम मिल जाएगी।

## 2024 के लिए विपक्ष की गोलबंदी, अब दिल्ली में लालू से मिले शरद पवार और रामगोपाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए अभी से गोलबंदी शुरू हो गई है। बुधवार को जहां एक तरफ ममता बनर्जी विपक्षी नेताओं के साथ बैठक करती रहीं, वहीं दूसरी तरफ राजद नेता लालू प्रसाद यादव के साथ एनसीपी प्रमुख शरद यादव और सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने मुलाकात की। इस दौरान पूर्व मंत्री अखिलेश सिंह भी मौजूद रहे। लालू की बेटी राज्यसभा सांसद मीसा भारती के आवास पर यह मुलाकात हुई। चारा घोटाले में जमानत मिलने के बाद से लालू यादव एक बार फिर विपक्षी राजनीति की धुरी बनते जा रहे हैं।

बड़े मामलों पर विपक्षी नेताओं का उनसे मिलना और विचार विमर्श करने का सिलसिला जारी है। बताया जा रहा है कि विपक्षी नेताओं ने लालू यादव से मिलकर उनके स्वास्थ्य के बार में जानकारी ली। इसके साथ देश की राजनीति पर भी चर्चा की गयी।

कहा जा रहा है कि चर्चा का मुख्य विषय मानसून सत्र में मोदी सरकार की घेरेबंदी की रणनीति रही। इन नेताओं के बीच घंटों



बातचीत हुई है। इस दौरान देश की वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य और संसद के वर्तमान मॉनसून सत्र के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी। मुलाकात का फोटो खुद मीसा ने ट्वीट किया है। इसमें मीसा भारती, शरद पवार, लालू यादव, रामगोपाल यादव और अखिलेश सिंह दिखायी दे रहे हैं।मीसा ने फोटो ट्वीट करते हुए लिखा कि आज लालू यादव से एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार, वरिष्ठ समाजवादी नेता रामगोपाल यादव और पूर्व केंद्रीय मंत्री अखिलेश सिंह जी ने भेंट कर कुशलक्षेम जाना और वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य व संसद के मानसून सत्र पर चर्चा की। पवार के साथ रामगोपाल के मौजूद रहने से यूपी चुनाव की रणनीति पर मंथन की चर्चा भी हो रही है। एक दिन पहले ही सपा के साथ एनसीपी के यूपी चुनाव में उतरने की बात सामने आई थी। हालांकि रामगोपाल यादव और लालू यादव आपस में रिश्तेदार भी हैं।

GSTIN : 09AAFTM3349D1ZK
PAN-AAFTM3349D
Reg. No.: 1/2014
मिसकीन सेवा संस्थान ट्रस्ट
Misqeen Sewa Sansthan Trust
(इण्डियन ट्रस्ट एक्ट 1882 केअन्तर्गत पंजीकृत)
श्रमिको, मजलूमों, गरीबों अनाथो के सेवा में तत्पर
फाउण्डर प्रबन्धक: अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ
शहजादे पत्रकार/ग्राम प्रधान अल्हवा कोरांव, प्रयागराज
कार्यालय : माण्डा वाली रोड, कोरांव–प्रयागराज,
निवास ग्राम–अल्हवा, देवघाट, कोरांव–प्रयागराज 212306
Mob.: 9450613192
E-mail: miskeenss2014@gmail.com, sahjadekoraon@gmail.com


केसरवानी एण्ड सन्स
नोट- हमारे यहाँ मोबिल, पाइप, पेन्ट, सेनेट्री, हार्डवेयर, दरवाजा टाइल्स, समर सेबुल पम्प, चारा मशीन, बाथरूम फिटिंग इत्यादि उचित मूल्य पर प्राप्त करें।
अनुपम – 8318174147 अनमोल– 6388773491
जी0टी0 रोड, हनुमानगंज, प्रयागराज

Reg. No. U01400UP2021PTC147142
स्थापना वर्ष – 2021
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF CORPORATE AFFAIRS
शेषदुर्गा हर्बल प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड
अश्वगंधा अकरकरा
प्रयागराज के किसानो से आग्रह है कि सुनहरे भविष्य के लिए औषधीय पौधों की खेती करके अपनी आय चार गुना ज्यादा बनाने के लिए कम्पनी की सदस्यता ग्रहण करें।
फाउण्डर आर. पी. पाण्डेय LL.B
ग्राम–कबरा, पोस्ट–डीहा, तहसील–करछना, प्रयागराज
रजि. कार्यालय–868/5 कृष्णा नगर, अरैल, नैनी, प्रयागराज
Mob.: 9935613506

प्रकाश हॉस्पिटल
स्वास्थ सेवाओं के लिए 24 घंटे सेवा में तत्पर

निदेशक- डॉ. विजय बाबू यादव
(सदस्य जिला पंचायत)
Mob.: 8858487147
पता–भीरपुर करछना, प्रयागराज

सूफी आशिक बाबा
सभी समस्याओं का निःशुल्क समाधान के लिए संपर्क करें।
नोट : खोए हुए व्यक्ति को हर हाल में मिलाना, ऊपरी बाधा से परेशान और उसका नि:शुल्क समाधान कराना, वैवाहिक जीवन में समस्त कष्टों को दूर कराना, जिन पुरुष व युवती की शादी में किसी प्रकार का कोई रुकावट आ रहा है तो, उसका भी समाधान किया जाता है सभी समस्याओं का समाधान समय से कर दिया जाता है 30 वर्षो का अनुभव प्राप्त।
पताः एडीए कॉलोनी, पुलिस चौकी के पास, नैनी, प्रयागराज
मोबाइल नंबरः 9793403230, 9335128224

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आयोजन में 18 परिणय सूत्र में बंधे

## मुख्य मंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना से गरीबों को मिल रहा लाभ,,राजमणि कोल

अखंड भारत संदेश

**कोरांव/प्रयागराज।** कोरांव मैरिज हॉल बड़ के पूरा कोरांव में 28,जुलाई को समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कुल अठारह वर वधू परिणय सूत्र में बंधे। और मुख्य अतिथि विधायक कोरांव राजमणि कोल ने वर वधुओं को आशीर्वाद दिए,तथा ससुराल में सामाजिक दृष्टि कोण से माता पिता रूपी सास ससुर और परिजनों को सम्मान देंने का आह्वान किया।विधायक ने वैवाहिक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि उक्त योजन से सरकार गरीबों मजदूरों की बेटियों का भला कर रही है। और धरातल पर लाकर महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम केंद्र व प्रदेश सरकार कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्य मंत्री की सराहना की। विधायक ने नव दंपति और उनके परिजनों को सलाह दी कि बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर विशेष ध्यान दें। और कम परिवार सुखी परिवार की सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि जिन वर वधुओं की शादी हुई है वे उज्जवला योजना का निःशुल्क लाभ उठाएं। इसके लिए मुझसे सम्पर्क कर सकते हैं।

इसी प्रकार उपजिलाधिकारी कोरांव अभिनव कनौजिया,खंड विकास अधिकारी कोरांव रमाशंकर सिंह, डा0 जे0सोनकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के सुप्रीमो ,सहायक विकास अधिकारी पंचायत कोरांव आर0 एस 0यादव,समाज कल्याण विभाग के विजय यादव,भाजपा के मुनन सिंह पटेल,संजय सिंह पटेल, अजीत प्रताप सिंह,बबुआं दुवेदी,विधायक प्रतिनिधि रामाश्रय शुक्ल,आदि अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने वर वधुओं को विभाग द्वारा उपयुक्त उपहार भी दिए।







# एनएसयूआई प्रयागराज की जिलाकार्यकरिणी की हुवी बैठक

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज छात्र हितों के लिए सदैव संघर्षरत छात्र संगठन एनएसयूआई की जिलाकार्यकरिणी की बैठक सम्पनन्‍ हुवी। बैठक में कार्यकारिणी की समीक्षा सांगठनिक विस्तार एवं आगामी विधानसभा चुनावों में छात्रों युवाओं की भूमिका पर विशेष चर्चा की गई और संगठन द्वारा आगामी 3 महीनो का कायन्योजना तय की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहें क्रांतिकारी नेता जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर ने कहा कि ठएनएसयूआई का यूथ हर बूथ पर मजबूतठ के नारों के साथ गांव गांव घर घर हरेक स्कूल और कॉलेजों में जाकर संगठन को खड़ी करेंगे प्रियंका गांधी व कांग्रेस की विचारधारा व कार्यो को जन जन तक पहुँचाने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम का संचालन मुख्य रूप से जिलाउपाध्यक्ष प्रीतम चंद्रा,जिलाउपाध्यक्ष सत्यम शुक्ला ने किया। बैठक में मुख्यतः- जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर,जिलाउपाध्यक्ष प्रीतम चंद्रा,जिलाउपाध्यक्ष सत्यम शुक्ला,जिला महासचिव प्रियंका पासवान,रजत मिश्रा,प्रिंस दास,गौरव तिवारी,आयुष तिवारी,जिला कोऑर्डिनेटर धीरेन्द्र सिंह,दीपक गौड़,प्रदेश सचिव धनन्जय कुशवाहा, प्रदेश सचिव कमलेश सोनकर,संजीव पाठक,सागर सोनकर,अंकित श्रीवास्तव,शिवम शुक्ला,शशांक पांडेय,सौरभ दिनकर,संजीव गुप्ता इत्यादि लोग रहें।




## घर पर पेड गिरने से गरीब का आशियाना उजडा

अखंड भारत संदेश

**करछना।** विकास खंड करछना के रिठैया गांव में एक गरीब के मकान पर तेज हवा और बारिश से कच्चा मकान पर एक विशाल पेड़ गिरने से गरीब का आशियाना उजड़ गया है, बताया जा रहा है कि बीती रात तेज बारिश से गांव के रामराज के मकान पर पेड गिरने कच्चा मकान पूरी तरह, जर्जर हो गया है, गांव की प्रधान संगीता देवी पटेल ने तहसील प्रशासन से अपील की है कि गरीब के आशियाने की जांच लेखपाल से कराकर गरीब को आर्थिक मदद् की मांग की है ।

# टीजीटी कला में चमकी करछना के शालू तिवारी बनी प्रवक्ता

अखंड भारत संदेस

करछना। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड की ओर से 2019 में आयोजित टी जी टी कला का रिजल्ट घोषित हो गया है । जिसमें करछना क्षेत्र के नारायणपुर बसही के सतीश चंद्र तिवारी की बेटी शालू तिवारी का चयन प्रवक्ता के पद पर अंतिम रूप में हुआ। शालू तिवारी चार बार यू जी सी - नेट तथा एक बार जे आर एफ की परीक्षा उत्तीर्ण कर वर्तमान में असिस्टेंट प्रोफेसर की तैयारी कर रही है। प्रवक्ता पद पर चयन होने को लेकर उन्होंने अपनी सफलता पर हर्ष जताते हुए कहा जिनके इरादे मेहनत की स्याही से लिखे जाते, उन के पनन्‍ेकभी खाली नहीं जाते। अन्य प्रतियोगी छात्रों को टिप्स देकर उनका मानना है, स्मार्ट स्टेटजी के साथ सही डायरेक्शन में मेहनत के साथ कोई भी बड़ा कंपटीशन निकाला जा सकता है। शालू की चयन को लेकर परिवार व दोस्तों में हर्ष का माहौल है।



# मझुआ में नि :शुल्क नेत्र शिविर में 270 मरीजों ने कराई जांच

अखंड भारत संदेश

**करछना।** विकास खंड के ग्राम पंचायत मझुआ में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन ग्राम सभा मझुआ के प्रधान बनवारी लाल पटेल के सौजन्य से रीति आय केयर अस्पताल के कुशल चिकित्सकों के द्वारा गांव के कुल 270 मरीजों की आंख के रोगियों का इलाज किया गया। और निःशुल्क दवाएं दी गई ,जिसमें आँख के मरीजों को मोतियाबिंद जैसी रोगियों को आपरेशन के लिए सलाह दीगई और मरीजों को चस्मा दिया गया ।

शिविर में डाक्टर रमेश शुक्ला, डा, अभिषेक सिंह, डाक्टर अभिषेक अग्रवाल, डा, प्रिन्स अग्रवाल, डा अंजलि सिंह के कुशल चिकित्सक की उपस्थिति में जांच की गयी। शिविर में गणमान व्यक्तियों मे आजाद सिंह समाज सेवी, इंद्र पाल सिंह, विनय कुमार सहित सहयोगियों का योगदान सराहनीय रहा।



# पौराणिक सुजावन देव मंदिर के गुम्बद का ढहा बारजा

## एतिहासिक मंदिर का आस्तित्व खतरे में

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** क्षेत्र के भीटा यमुना नदी के धारा के पहाड़ी के उपर स्थित आस्था के केंद्र सुजावनदेव मंदिर के गुम्बद का बारजा मंगलवार की रात हो रही बारिश के चलते ढह गया । गनीमत रही कि घटना रात में हुई अन्यथा दिन में में होती तो कई श्रद्धालु घायल हो जाते। प्राचीन सुजावन देव मंदिर बाढ़ की लहरों की थपेड़े खाते खाते जीर्ण शीर्ण होता जा रहा । मंदिर के नीचे और उपर की पहाड़ी के बड़े बड़े पत्थर की चट्टाने धीरे धीरे खिसकती जा रही है । मंगलवार की शाम मंदिर के मुख्य पुजारी ज्ञानेंद्र गोस्वामी मंदिर का पट बंद कर घर चले गए थे । बुधवार की सुबह मंदिर पहुंचे तो मंदिर के गुम्बद का बारजा ढहा हुआ था । बारजे के मलबे को देख पुजारी दंग रह गए । मंदिर के पुजारी ज्ञानेंद्र गोस्वामी ने जन सहयोग से मंदिर की सीढ़ी और गेट सहित दीवार को मरम्मत काराया था। क्षेत्रीय जनो ने कई बार शासन सहित जन प्रतिनिधियों से जर्जर मंदिर को बनवाए जाने की मांग की लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। अब बाढ़ की लहरों के थपेड़ों से मंदिर कभी भी गिर सकती है।

# ग्राम प्रधान द्वारा किया गया फलदार व छायादार पौधों का रोपण

अखंड भारत संदेश

करछनाः विकासखंड करछना क्षेत्र के अंतर्गत महोरी रीवा गांव के निर्वाचित ग्राम प्रधान राजकुमार पटेल द्वारा ग्राम सभा में धारा को हरा-भरा बनाए रखने के संकल्प के साथ व्यापक पैमाने पर फलदार व छायादार पौधों को मनरेगा मजदूरों के साथ मिलकर पौधरोपण किया । जिसमें आम ,पीपल बरगद पौधे शामिल रहे । राज कुमार पटेल ने लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि पर्यवारण संरक्षण के लिए जरूरी है कि पौधरोपण किया जाए। हर किसी को बरसात के समय में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। यह पौधे कई तरह से हमारी आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। इसलिए जरूरी है कि पौधरोपण किया जाए। उन्होंने कहा कि पौधरोपण जरूरी है, लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी उन पौधों की सुरक्षा है। इस लिए जब भी कोई पौधा लगाएं तो उस पौधे की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। आज लगाया गया पौधा आने वाले पीढ.ियों के लिए वरदान साबित होगा। वही कोविड-19 महामारी के दौरान ऑक्सीजन की कमी को भी दूर करेगा।



## चोरी का लुमिनस इनवर्टर बैटरा के साथ 1 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**बहरिया।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा के कुशल नेतृत्व चौकी इंचार्ज सिकंदरा सुभनाथ नाथ साहनी मय हमराह हेड कांस्टेबल अमरनाथ व कांस्टेबल नंदलाल के द्वारा मुकदमा संख्या-181/2021 धारा 457/380 भा द वि बनाम भानु प्रताप बिंद ग्राम निवासी पतुलकी थाना बहरिया जनपद प्रयागराज के पंजीकृत हुआ था। दिनांक 27/07/2021 को मुखबिर की खास सूचना पर नारायणपुर चौराहा समय लगभग 6:20 शाम बजे पुलिस हिरासत में लिया गया।व अभियुक्त के कब्जे से एक अदद चोरी की बैटरा बरामद की गई।

# युवाओं के बल पर ही देश का भविष्य निर्भर ::विद्यायाकान्त कोल

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** भारत जैसे महान राष्ट्र का समुचित उद्धार तभी सम्भव हैं जब देश का युवा वर्ग राजनीति मे आगे बढ़कर समाज एवम राष्ट्र की बागडोर संभालनी चाहिए इसलिए सभी युवा साथी सर्वप्रथम स्वयं शिक्षित बनें एवम अन्य आसपास के लोगों को शिक्षित बनाने का संकल्प लें साथ ही अपने अधिकारों एवम कर्तव्यों के प्रति सचेत रहें उक्त बातें युवा समाजसेवीं एवम अपना दल कमेरावादी के नेता विद्याकान्त कोल गौहनिया स्थित पार्टी कार्यालय पर युवाओं को जागरूक कर रहें थे इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा अस्त्र हैं जिसके बल पर ही विश्व के पटल पर भारत का मस्तक ऊंचा कर सकते हैं इसलिए सभी युवा साथी अपने अधिकारों एवम कर्तव्यों को समझते हुए सक्रिय राजनीति मे अग्रसर होना चाहिए।इस अवसर युवा नेता विद्याकान्त कोल वृक्षारोपण के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किये।उक्त अवसर पर समाजसेवी विद्याकान्त कोल नें कृषि से सम्बंधित अनेकों समस्याओ का उल्लेख करते हुए प्रशासन से जल्द ही निस्तारण की मांग किये।सूत्रों के मुताबिक युवा समाजसेवी विद्याकान्त बेटियों की शादी, शिक्षा एवम असहायों की मदद यथाशक्ति करते रहते हैं।दिनेश कुमार कोल,पंकज कोल, अनुज कोल, अजय कोल,प्रवीण पाल, अर्जुन सिंह आदि लोग मौजूद रहें।

# नगर पंचायत शंकरगढ़ प्रशासन ने मांस विक्रेताओं को थमाई नोटिस

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़/प्रयागराज।** खुले में मांस ना बेचने की हिदायत देने के बावजूद विक्रेता अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं। खुलेआम मांस बेचना और अवशेष को इधर-उधर फेकना, आसपास सफाई ना रखना अब दुकानदारों को भारी पड़ेगा।

अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शंकरगढ़ ने एक इसीतरह के प्रकरण में दो दुकानदारों को नोटिस जारी की है और हिदायत देते हुए चेताया है कि यदि वह नियमों का पालन नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत शंकरगढ़ के अधिशासी अधिकारी

## खुले में बेच रहे दो विक्रेताओं को नोटिस जारी

सत्येंद्र प्रकाश चौरसिया की तरफ से जारी की गई नोटिस में शमशेर अली पुत्र मुस्ताक और सलीम पुत्र अमानत अली निवासीगण नगर पंचायत शंकरगढ़ को नोटिस थमा दी गई है।

ईओ ने कहा है कि उन दोनों के द्वारा चलाई जा रही मीट की दुकानों में कोविड का भी पालन नहीं किया जा रहा है। साफ सफाई ना होने की वजह से दुकान और आसपास की जगहों में गंदगी फैली रहती है और अवशेष पड़े रहते हैं,जिससे आवारा कुत्ते मुंह मारा करते है।

ईओ ने कहा कि उक्त हिदायत दुकानदारों के अलावा सभी मांस विक्रेताओं के ऊपर लागू होती है। सभी दुकानदार नियमों का पालन करें और अच्छे और सभ्य नागरिक होने का परिचय दें। गौरतलब है कि नगर पंचायत शंकरगढ़ के विभिनन्‍ वार्डो में खुलेआम मांस की बिक्री की जाती है। इससे स्थानीय लोग परेशान हो चुके हैं। मामले की कई बार शिकायत नगर पंचायत समेत तमाम अधिकारियों से की जा चुकी है।अब देखना यह है कि इस मामले में नगर पंचायत प्रशासन के साथ पुलिस महकमा क्या कार्रवाई करता है।

# वृक्षारोपण एवम जल संरक्षण का कार्य बहुत ही नेक एवम श्रेयस्कर : अभिषेक सिंह पटेल

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों मे प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर विभिनन्‍शैक्षिक संस्थानों सहित सामाजिक संगठनो के तत्वाधान मे पौधे रोपे गये इसी क्रम मे युवा समाजसेवीं एवम इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोधार्थी छात्र अभिषेक सिंह पटेल के नेतृत्व मे माँ महागौरी गैस एजेंसी मे व्यापक वृक्षारोपण एवम पौधे भेंट किये गये इस अवसर पर युवा समाजसेवीं नें सभी लोगों से जल संरक्षण एवम वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किये श्री पटेल नें पौध वितरित करते हुए भी बोले कि आम, अमरुद, पीपल, कदम्ब आदि पौधा पर्यावरण के लिए बहुपयोगी होता हैं इसलिए सभी लोग अधिक से अधिक मात्रा मे वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाएं। ।अपना दल कमेरावादी के नेता सुशील पटेल कॉंटी नें भी वृक्षारोपण को पुण्य एवम नेक कार्य बताते हुए सभी लोगों से प्रति वर्ष पांच पांच पौधे रोपने के लिए प्रेरित किये।उक्त अवसर पर कार्तिकेय कौशिक, रमेश बिन्द,नवाज खान, सुशील पटेल,राजू संतोष कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहें।



# कोटेदार की मनमानी व दबंगई से त्रस्त ग्रामीणों ने हंगामा कर जताया विरोध

## ग्रामीणो की शिकायत दर्ज कर कार्रवाई केलिए डीएम को सूचित कर दिया गया है, सप्लाई इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह

अखंड भारत संदेश

**करछना।** तहसील अंतर्गत ग्राम सभा लटकहां (बबुरा) के ग्रामीणों ने कोटेदार पुष्पराज सिंह निवासी बबुरा के खिलाफ आक्रोशित होकर अपनी आवाज को बुलंद करते हुए शिकायतकर्ता शिव लखन यादव पुत्र राधेश्याम यादव निवासी लटका बबुरा के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी को लिखित शिकायत पत्र देते हुए कोटेदार पुष्पराज के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। जिसमें उपजिलाधिकारी के द्वारा सप्लाई इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह से जांच कर आख्या की मांग की गई। जहां आज ग्रामीणों ने प्राथमिक विद्यालय लटकहा (बबुरा) पर एकत्रित होकर सप्लाई इंस्पेक्टर को अपना बयान दर्ज कराया। जहां ग्रामीणों का आरोप है कि कोटेदार मनमानी और दबंगई से उपभोक्ताओं को खाद्यानन्‍का वितरण ठीक ढंग से नहीं करता है। जहां कोटेदार द्वारा मशीन पर अंगूठा तो लगवा लिया जाता है लेकिन ग्रामीणों को खाद्यानन्‍देने में आनाकानी करता रहता है। जिसको लेकर वह ग्रामीणों को एक घंटे बाद आओ, दोपहर और शाम को आओ ऐसा कह कर टाल मटोल करते हुए जब अगले माह खाद्यानन्‍ वितरण की बारी आती है तो कोटेदार द्वारा बोला जाता है अब इस महीने आप लोगों को खाद्यानन्‍ नहीं मिलेगा। जब ग्रामीणों द्वारा पूछा जाता है कि हमारा इस माह का खाद्यानन्‍क्यों नहीं मिलेगा तो वह ग्रामीणों से अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट पर आमादा हो जाता है।वही ग्रामीणों का आरोप है कि कोटेदार द्वारा कई महिलाओं व पुरुषों के साथ मारपीट की घटना भी की गई है। जो कि ग्रामीणों द्वारा बात जांच में आए सप्लाई इंस्पेक्टर के प्रत्यक्ष भी कही गई।वही जब कोटेदार से इस बाबत जानकारी ली गई तो वह अपना चुनावी रंजिश और आपसी रंजिश को बताते हुए ग्रामीणों के इस आरोप को खारिज कर दिया। ग्रामीणों में इस बैठक और शिकायत के दौरान सुजीत यादव निर्मल कुमार सिंह उर्फ पिंटू ग्राम प्रधान लटकहा तेज प्रताप सिंह कमला शंकर यादव किरण तिवारी विकास कुमार शिव आश्रय गुप्ता प्रशांत कुमार राम शिरोमण देवनाथ मिश्रा विकास मिश्रा सहित सीमा देवी राजकुमारी प्रेमकली राजदुलारी सहित सैकड़ों की संख्या में पुरूष व महिलाएं मौजूद रहे।



# सरकारी कोटे का गल्ला लेने के लिए परेशान ग्रामीण

अखंड भारत संदेश

**भड़ेवरा /करछना।** क्षेत्र के तरहार इलाके लटकहा , पनासा गांव में सरकारी राशन लेने के लिए लोगो को लगभग सात किलोमीटर दूर पुतरिहा गांव तक सफर तय करके जाना पड़ता है । जो की बड़ी दयनीय दशा है ।सरकार की मंशा के अनुरूप महिलाओ को मुखिया के तौर पर राशन लेने के लिए पैदल चलकर जाना पड़ता है कोरोना काल से परेशान गांव की जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और तो और वहा पर आने वाली किसी भी योजना बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाती और न ही किसी योजना का समुचित लाभ ,गांव की पंद्रह सौ कार्ड धारकों को गरीबी का दंश झेलना पड़ रहा है। समाजसेवी भुवर निषाद और दीपक मिश्रा द्वारा बताया गया की मशीन में फिंगर प्रिंट न लगने की वजह से लोगो को बार बार आना जाना पड़ता है ,ग्रामीणों का कहना है कि अगर प्रशासन लगभग चार हजार आबादी वाले गांव में सरकारी राशन की नई दुकान को ला दी जाय तो गरीब मजदूरों को पैदल चलकर दूरी का सामना न करना पड़े ।और उनकी समस्या का समाधान हो सके।

# जर्जर कच्चे घर की दीवार ढही दो मासूम बहनें दबी एक मौत, कोहराम

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** इलाके के पवरी गांव में बारिश के सीलन से एक जर्जर कच्चे घर की दीवार अचानक ढह गई। जिसमें दो सगी मासूम बहने दब गई। जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरी बहन की हालत नाजुक बनी हुई है। मंगलवार की रात हुई बारिश से पवरी गांव निवासी संगम लाल प्रजापति का बारिश के सीलन से बुधवार की दोपहर जर्जर कच्चे घर का दीवार अचानक भरभरा कर गिर गई। पड़ोस के संतोष प्रजापति के दो मासूम बेटियां नंदिनी 3 वर्ष व दीपांजलि दब गई। दोनो बच्चियों को दबे देख बस्ती में हड़कंप हो गया। लोगों ने मशक्कत कर मलवे से दोनों बच्चियों को बाहर निकाला तो नंदिनी की मौत हो चुकी थी। और दीपांजलि गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन आनन फानन दीपांजलि को एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां पर उसकी हालात नाजुक बताई जा रही है। सूचना पर पुलिस और हल्का लेखपाल पहुंच जांच पड़ताल की। पुलिस ने बच्ची के शव को पीएम के लिए भेजा। बच्ची की मौत से परिजनो में कोहराम मच गया।



# विकासखण्ड सहसों के भवन का शिलान्यास शीघ्र : केशव प्रसाद मौर्य

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** जौनपुर से प्रयागराज जा रहे सूबे के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का जोरदार स्वागत ग्राम प्रधान थानापुर विजयलक्ष्मी सिंह चंदेल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से किया।

इस अवसर पर सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए सूबे के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा यह बड़ी खुशी की बात है कि विकासखंड सहसों का मुख्यालय ग्रामसभा थानापुर में बनने जा रहा है। जिसका शिलान्यास शीघ्र ही किया जाएगा। उन्होंने कहा विकासखंड का मुख्यालय बन जाने से जनता के कार्यों के लिए काफी सुविधा होगी। जनता परेशानियों से दूर हो जाएगी। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय सिंह, अजीत सिंह, राम सुमेर, शंकरलाल, कुंवर बहादुर सिंह, राजबहादुर, जबर सिंह, हरिनाम सिंह, दीपक, देवा, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



इसी क्रम में सहसों में संक्षिप्त भीड़ के दौरान भाजपा जिला कोषाध्यक्ष गंगापार आशीष केसरवानी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष गंगापार अश्विनी कुमार द्विवेदी, महामंत्री जीतलाल त्रिपाठी, अशोक तिवारी, राजधर द्विवेदी, संजय सिंह, वीरेंद्र बहादुर सिंह, वरिष्ठ नेता चन्द्रेश केसरवानी, पवन गुप्ता , राजेंद्र केसरवानी, जय प्रकाश द्विवेदी, रमेश कुमार द्विवेदी, मनोज तिवारी, जयेश केसरवानी, महेश सिंह, दया सिंह सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस गिरफ्त से दूर सर्राफ के हत्यारे

**बरदहा गांव में सर्राफ,गिट्टी बालू के कारोबारी की गोली मार की गई थी हत्या**

**करछना।** थाना क्षेत्र के बरदहा में गिट्टी बालू का व्यवसाय करने वाले को कुछ अज्ञात लोगों के सीने मे गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घर पर एतिहातन पुलिस बल तैनात है। करछना थाना क्षेत्र के बरदहा गांव निवासी राम राज सोनी सोमवार रात करीब आठ बजे रामराज अपने घर के दरवाजे पर बैठा था । उसी बीच कुछ अज्ञात लोगों ने उसके पास आये और सीने में गोली मार कर मौत हो गई थी। दो दिन बीत जाने के बाद भी हत्यारे पुलिस की गिरफ्त से दूर है लेकिन एस्पेक्टर करछना राकेश सिह का दावा है कि सीसी टीवी के आधार पर हत्यारो की पहचान करवाने मे लगे और जल्द ही हत्यारे गिरफ्त मे होगे।बुधवार को एसपी जमुनापार सौरभ दिक्षित पूरे दिन थाने मे डटे रहे और सीसी टीवी कैमरा सहित घटना स्थल पर भी गये जहा परिजनो से भी पूछताछ की।

# ट्रेक्टर पलटने से एक युवक की मौत एक कि हालत गंभीर

**अनियंत्रित डंपर से बचने के चक्कर मे हुआ हादसा, मामला मेजा थाना क्षेत्र के लोहारी गांव का**

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा/मेजा।** प्रयागराज मेजा थाना क्षेत्र के ग्रामसभा उपरौड़ा लोहारी गांव मे ट्रैक्टर पलटने से एक किशोर की मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के उपरौड़ा लोहारी गांव का पुनेश यादव (26) पुत्र हरिदास यादव ट्रैक्टर से खेत की जुताई करने गया था।

साथ मे पड़ोस का ही रविनेश यादव उर्फ छोटू (13) पुत्र सत्यवीर यादव उर्फ गांधी खेत पर गया था। पुनेश खेत की जुताई करने के बाद ट्रैक्टर पर रविनेश को बैठाकर वापस रहा था। सिरसा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित डंफर से बचने के चक्कर मे ट्रैक्टर पलट गया। ट्रैक्टर चालक पुनेस ट्रैक्टर से कूद गया जिससे उसका हाथ टूट गया और वहीं रविनेश ट्रैक्टर के नीचे दब गया। घटना की जानकारी से स्थानीय लोगों ने किसी तरह रविनेश को बाहर निकाला और स्थानीय अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही रविनेश ने दम तोड़ दिया। जिससे परिजनों मे कोहराम मच गया। इस दर्द नाक घटना से समूचे ग्रामवासियो में दुखी का माहौल छाया हुआ है।



## 06 वर्षीय बच्ची घर से लापता, परिजनों का रो रो कर बुरा हाल

**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर/प्रयागराज।** थाना क्षेत्र के सेमरी तरहार निवासी मोहनी हरिजन पिता मुकेश हरिजन उम्र 6 वर्ष मंगलवार दोपहर 02 बजे के आसपास घर से अचानक लापता हो गई जिसे परिजनों ने आसपास व बगल के गांव में काफी खोजबीन किया लेकिन मोहनी का कोई पता नहीं चला।मोहनी के पिता ने बताया कि डेरा बारी,प्रतापपुर, लालापुर, ओडगी तरहार, नौढिया आदि बगल के गांवों में काफी खोजबीन किया लेकिन बच्ची का कोई पता नहीं चला। बेटी मोहनी के गुम हो जाने से परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है।इस बारे मे जब लालापुर थाना प्रभारी विंदावन राय से जब बात हुई तो उन्होंने बताया की परिजन की तरफ से तहरीर नहीं मिली परिजन के सुचना पर आस पास के गाँव मे एलाउंसमेंट करवा दिया गया है। और पुलिस टीम भी तलाश कर रही है।





## पत्रकार हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**कॉल डिटेल से हत्याकांड का हुआ खुलासा**

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव/प्रयागराज।** थाना खीरी के डीही खुर्द निवासी ओमप्रकाश भूतिन्यां पत्रकार की बीते 3 सप्ताह हुई हत्या मे खीरी पुलिस द्वारा बुधवार को मुख्य आरोपी कमलेश कुमार पाल पुत्र भोलानाथ पाल निवासी नार पथरा मेजा को लाल तारा के निकट एक पुलिया के पास गिरफ्तार कर लिया । तत्पश्चात उक्त हत्याकांड का खुलासा हो सका। हत्यारे के पास से आला कत्ल हथियार बरामद किया गया ।जिससे खीरी पुलिस ने हथियार बरामद कर हत्या के आरोप में जेल भेज दिया।

# गंगा दूतों ने विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर चलाया जागरूकता अभियान


**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** नेहरु युवा केंद्र, नमामि गंगे प्रयागराज के अंतर्गत गाँव कठौली मेजा रोड, मेजा में दिवस में जन जागरूकता अभियान चलाया त् गंगा दूतो ने गाँव में प्रकृति संरक्षण पर स्लोगन और नारे लगाए और पौधारोपण कर उनके संरक्षण पर ज़ोर दिया।

जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह ने बताया हर साल 28 जुलाई को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मनाया जाता है. इसे लोगों में प्राकृतिक स्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरुकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है. इस दिन प्राकृतिक संरक्षण के महत्व को समझाया जाता है त् आज प्रकृति जलवायु परिवर्तन ,ग्लोबल वार्मिंग वनों की कटाई, अवैध वन्यजीव व्यापार, प्रदूषण, प्लास्टिक, जैसी कई तरह की चुनतियों का सामना कर रही है. अब दुनिया के कई देश प्राकृतिक सरंक्षण के महत्व को समझ रहे हैं और उसके लिए काम भी करने लगे हैं त् जल, जंगल और जमीन, इन तीन तत्वों के बिना प्रकृति की कल्पना नहीं की जा सकती है। जंगल हैं तो वन्य जीव हैं। जल है तो जलीय जीवों का अस्तित्व है और उससे भी ज्यादा अहम हमारे जीवन का अस्तित्व है त् प्लास्टिक, पॉलीथिन इस्तेमाल करना बंद करें और कागज, जूट या कपड़े की थैली इस्तेमाल करें। जंगलों को न काटे। परियोजना अधिकारी ने कहा ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं त् पानी का उपयोग तब ही करें जब आपको जरूरत हो।



उपयोग किए गए पानी का चक्रीकरण करें। प्रकृति से धनात्मक संबंध रखने वाली तकनीकों, सामानों का उपयोग करें। जैसे- खेत में उर्वरक की जगह जैविक खाद का प्रयोग करें। जन जागरूकता में बढ़ चढ़ कर सहभागी रहे युवा मंडल अध्यक्ष निर्मलकांत पांडे, लक्ष्मी कांत वर्मा, भारती विश्वकर्मा, ज्योती विश्वकर्मा, अजीत विश्वकर्मा, गोरख, आशीष वर्मा, महेश पांडे, शिवा कांत वर्मा ललित विश्वकर्मा, संदीप विश्वकर्मा , मनोज विश्वकर्मा।



## युवा संसद महोत्सव का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापपुर।** युवा संसद महोत्सव का आयोजन भदारी गाँव में बुधवार को हुआ।माँ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वामी विवेकानंद को पुष्प अर्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का सुभारम्भ किया गया।जिसमे समस्त ग्रामीण युवाओं एवं शिक्षक गण, ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य, समाजसेवी धवल त्रिपाठी, अनुराज केशरवानी, अनुराग पाण्डेय, सतीश तिवारी, शिवा कार्यक्रम के आयोजक कृष्ण कुमार सहित समस्त युवा जन मानस उपस्थित रहा।प्रधानाचार्य ने कहा कि युवा ही देश के भविष्य को सवारेंगे।आने वाले 22 वीं सदी मे युवा ही देश का नेतृत्व करेगा। जिससे देश तेजी के साथ विकास करेगा युवाओं को एक सुनहरा मौका मिलेगा मंच का संचालनसेवी अनुज विद्यार्थी युवा समाजसेवी ने किया।

# पुत्री विवाह अनुदान योजना बन गई मजाक : मंजू पाठक

**जब शादी ब्याह का सीजन लगन ख़तम होती है तब सरकार करती है सामूहिक शादियां**

**महिला अधिकार संगठन ने कहा कि बेटियों का कल्याण नहीं उड़ाया जा रहा मजाक**

**सरकार जिम्मेदार, दो साल से आवेदन करके गरीब, अनुदान के लिए लगाए टकटकी**

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव/प्रयागराज।** सरकार द्वारा चलाई जा रही पुत्री विवाह अनुदान योजना या सामूहिक मुख्यमंत्री विवाह योजना समयांतरगत लाभाथिर्यों को लाभ नहीं दे पाती हैं जिससे गरीबों में मायूसी देखी जा रही है।

उल्लेखनीय है कि जब शादी ब्याह का सीजन होता है,तब सरकार सामूहिक विवाह के अयोजन नहीं करती,जब शादियों का लगन सीजन समाप्त है जाता है तब आयोजन करती है,जिससे फरजीवाड़ा की शिकायतें मिलती है। अधिकारी बे मौसम शादी के आए बजट को खर्च करने के लिए फर्जी शादियां भी करवा देते हैं।दरअसल समाज कल्यान विभाग द्वारा पुत्री विवाह योजना की अनुदान राशि गरीबों की बेटियों के हाथ पीले करने के लिए न तो पहले देती है और न तो ज्यादातर बाद में ही समय से देती है। जिससे गरीब कर्ज आदि लेकर किसी तरह शादी ब्याह कर लेता है, किन्तु साल साल भर अनुदान नहीं आता। किसी को कभी मिला तो किसी को नहीं मिला। इसके लिए सरकार का जलदी बजट ही नहीं दिखता।




फिलहाल बे मौसम शादी ब्याह के आयोजन में फर्जी करके अधिकारी कर्मचारी बजट को ब्यय दिखाने का काम बखूबी निभाते हैं। क्योंकि जब लगन मुहूर्त सीजन का वक्त होता है तो सरकार आयोजन नहीं करती।तब लोग किसी तरह घरों से मंदिरों से ही बेटी का ब्याह दो चार दस बीस लोगों को बुलाकर बिदा कर देते हैं। जिससे उन्हें लाभ नहीं मिलता। कई विधवाएं,गरीबों ने दो साल से आवेदन समाज कल्याण में ऑनलाईन कर रखे है किन्तु अनुदान नहीं मिला। उनकी पीड़ा सरकार या प्रसाशन नहीं महसूस करती। बल्कि सेटिंग वालों को लाभ मिल जाता है।यही हाल श्रम विभाग का है। भारी संख्या में आवेदन पुत्री विवाह अनुदान योजना के ऑनलाईन आफलाइन श्रम कार्यालय इलाहाबाद में जमा है किन्तु कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा रही। खास तौर से गरीब विधवाओं की संख्या ज्यादा है जिनकी पुत्रियों की शादी फार्म यह कह कर निरस्त कर दिए जा रहे हैं कि श्रमिक नहीं है। जबकि सब गरीब श्रमिक है कोई पाबंद श्रमिक नहीं है जिसे निरन्तर काम मिलता है। जहां काम मिलता है वहीं लोग काम करते हैं। यदि ऐसा नहीं तो श्रमिक कार्ड बनाने के लिए स्व घोषणा पत्र मजदूरी का क्यों लिया जाता है। अवेदन योजना का करने पर कार्य का प्रमाण पत्र मांगा जाता है। बहुत ऐसे कार्य है जिन्हे लाभार्थी प्रमाण नहीं दे पाता।

### क्या बोले लोग....

सरकार चाहे समाज कल्याण या श्रम विभाग की पुत्री अनुदान योजना हो अगर सामूहिक विवाह के आयोजन हो तो लगन सीजन में हो,और आवेदन किए जाने पर उन्हें समय से अनुदान मिले,वरना गरीबों का मजाक उड़ाना है। ज्यादातर अधिकारी दोनों विभागों के अपात्रों के अवेदन पास कर देते है पात्रों के निरस्त अपात्र दिखा कर कर देते हैं। जो निंदनीय है। श्रम विभाग में तो विधवाओं के भी अवेदन ये लिख कर फेल कर देते हैं कि श्रमिक नहीं है। जो अपात्र होते हैं उनके पास कर दिए जाते हैं।

**महेंद्र प्रसाद शुक्ला**
**सोशल एक्टिविस्ट**
**यमुनापार प्रयागराज**
**फोटो,मंजू पाठक**
**महिला अधिकार संगठन**



## अज्ञात चोरों ने राजकीयविद्यालय का समरसेबल खोल ले गए

**बहरिया।** अभईपुर ग्राम सभा स्थित राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय में लगा हुआ समरसेबल मंगलवार की देर रात अज्ञात चोर चुरा ले गए मिली जानकारी के अनुसार नवनिर्मित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 2 हॉर्स पावर का लगा हुआ समरसेबल पंप एवं केवल मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने बोर से निकाल कर उठा ले गए बुधवार की सुबह विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुधा देवी जब विद्यालय आई तो देखा कि हैंड पाइप में लगा समरसेबल व केबल अज्ञात चोर चुरा ले गए। जिसकी लिखित शिकायत सुधा देवी ने बहरिया थाने पर दी वहीं पर ग्राम वासियों का कहना है।कि इस प्रकार की चोरी की कई घटनाएं अभईपुर ग्राम सभा में घटित हो चुकी है।किंतु किसी भी एक घटना का स्थानीय पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर सकी जिसके कारण ग्राम वासियों में भय व्याप्त है।लोगों का यह भी कहना है।कि कब किसी के यहां चोरियां हो जाए कोई भरोसा नहीं है।बहरिया पुलिस अपनी ड्यूटी निभा कर लाल कुएं में डाल देती है।

## विद्युत विभाग की लापरवाही से हाईवोल्टेज करंट की चपेट में आने से दर्जनभर भेड़ों की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा/मेजा।** प्रयागराज मेजा थाना क्षेत्र के सोनबरसा पाल बस्ती में 11000 तार का इंसुलेटर पंचर होने से खंभे में करंट उतर आया, जिससे पास में खड़ी ग्यारह भेडि़यों की करंट लगने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनबरसा गांव निवासी सुधरा पतने हीरामणि पाल, विमला देवी पतने ओझा पाल, सुशीला पतने अभय राज पाल की बगल में खड़ी भेडि़यों की 11000 विद्युत की चपेट में आने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने देखा तो मौके पर बिजली विभाग को सूचना देते हुए संबंधित अधिकारियों को जानकारी लेकिन मौके पर एक भी अधिकारी नही पहुंचे, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि इस कोविड-19 की महामारी में हम गरीबों की लाखों की भेडि़या मर गई हम लोग किसी तरह भेड़ी पाल कर जीवन यापन करते थे। पीड़ित ब्यक्ति ने कहा हमारे बच्चे भुखमरी के कगार पर आ गए। हम सब अपना जीवन चर्या कैसे कैसे करेंगे। अगर सरकार और विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया तो हम लोगों का जीना मुश्किल हो जाएगा।



**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं.
UPHIN 2001/9025

## चार अदद नाजायज देशी बम के साथ एक पहुंचा सलाखों के पीछे

**खीरी सहित जनपद के कई अन्य थानों में दर्ज है मुकदमा**

**अखंड भारत संदेश**

**लेडियारी/ प्रयागराज।** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण किए जाने हेतु संचालित अभियान के तहत थानाध्यक्ष खीरी राजेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में गठित टीम से उपनिरीक्षक विनोद कुमार मय हमराह ने एक ऐतिहासिक अपराधी को इलाके के कटघर मोड़ के पास से चार अदद नाजायज देशी बम के साथ गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस रिकार्ड के अनुसार अभियुक्त सन्तोष सिंह पुत्र जगदीश सिंह निवासी लेडि़यारी थाना खीरी के विरुद्ध इलाकाई थाने में दर्जन भर मुकदमे पंजीकृत हैं।

खीरी थाने के अलावा जनपद के मुठ्ठीगंज , मेजा व शंकरगढ थाने में भी अभियुक्त के विरुद्ध तमाम मुकदमे दर्ज हैं। खीरी पुलिस इलाके में गश्त में मामूर थी कि कटघर मोड़ के बगल सैलून की दुकान के पास बहद ग्राम बहरैचा में अभियुक्त पुलिस पर नजर पड़ते ही छिपने लगा तब तक पुलिस की पैनी नजर पड़ गई। पुलिस मौके पर पहुंची और संदिग्ध अभियुक्त को पकड़ लिया जिसके पास से जमातलाशी के दौरान 4 अदद जिन्दा देशी बम बरामद किया गया। पुलिस अभियुक्त को थाने लेकर पहुंची जहां पर उपरोक्त का ऐतिहासिक अपराध सामने आया। खीरी पुलिस ने समुचित कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विनोद कुमार के अलावा अंकित यादव व सौरभ यादव मौजूद रहे।

## एनएसयूआई प्रयागराज की जिला कार्यकरिणी की बैठक संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** छात्र हितों के लिए सदैव संघर्षरत छात्र संगठन एनएसयूआई की जिलाकार्यकरिणी की बैठक सम्पनन्‍ हुवी।

बैठक में कार्यकारिणी की समीक्षा सांगठनिक विस्तार एवं आगामी विधानसभा चुनावों में छात्रों युवाओं की भूमिका पर विशेष चर्चा की गई और संगठन द्वारा आगामी 3 महीनो का कायर्योजना तय की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहें क्रांतिकारी नेता जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर ने कहा कि ठएनएसयूआई का यूथ हर बूथ पर मजबूतठ के नारों के साथ गांव गांव घर घर हरेक स्कूल और कॉलेजों में जाकर संगठन को खड़ी करेंगे प्रियंका गांधी व कांग्रेस की विचारधारा व कार्यो को जन जन तक पहुँचाने का कार्य करेंगे।कार्यक्रम का संचालन मुख्य रूप से जिलाउपाध्यक्ष प्रीतम चंद्रा,जिलाउपाध्यक्ष सत्यम शुक्ला ने किया। बैठक में मुख्यत जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर,जिलाउपाध्यक्ष प्रीतम चंद्रा,जिलाउपाध्यक्ष सत्यम शुक्ला,जिला महासचिव प्रियंका पासवान,रजत मिश्रा,प्रिंस दास,गौरव तिवारी,आयुष तिवारी,जिला कोऑर्डिनेटर धीरेन्द्र सिंह,दीपक गौड़,प्रदेश सचिव धनन्जय कुशवाहा, प्रदेश सचिव कमलेश सोनकर,संजीव पाठक,सागर सोनकर,अंकित श्रीवास्तव,शिवम शुक्ला,शशांक पांडेय,सौरभ दिनकर,संजीव गुप्ता इत्यादि लोग रहें।



# राजकीय मेडिकल कालेज के नामकरण को लेकर मानव श्रृंखला बनाकर की नारेबाजी

## राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

**प्रतापगढ़।** जिले में नवनिर्मित स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का नाम सोनेलाल पटेल के नाम से करने के विरोध में बुधवार को अम्बेडकर चैराहे पर मानव श्रृंखला बनाकर लोगों ने जबरदस्त नारेबाजी करते हुए इस नामकरण का पुरजोर विरोध किया। बाद में बेल्हा स्वाभिमान संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए जिला कचहरी पहुंचे।



यहां राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते हुए कहा कि यह आंदोलन तब तक चलेगा, जब तक कि राजकीय मेडिकल कालेज से सोनेलाल पटेल का नाम नहीं हटाया जाता। वक्ताओं ने कहा कि सोनेलाल पटेल का इस जिले से कोई लेना-देना नहीं है। जिला कचहरी में अधिवक्ताओं ने भी नागरिक स्वाभिमान संघर्ष मोर्चा का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया तो यह आक्रोश दिनोंदिन बढ़ता जाएगा जिससे सरकार को भी परेशानी उठानी पड़ सकती है। बता दें कि केवल अपना दल के नेताओं को छोड़कर जिले भर के लोगों की यह भावना है कि प्रतापगढ़ की अनमोल उपलब्धि यह मेडिकल कालेज है।

या तो इसे सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम किया जाए या स्वामी करपात्री जी के नाम हो। बेल्हा में मेडिकल कालेज का नाम सोनेलाल करने पर जनमानस तैयार नहीं है। यह बात हर वक्ता के मुंह से सुनी गई।

मानव श्रृंखला में अभिषेक तिवारी, प्रदीप शुक्ला, अच्युदानंद पाण्डेय, अनिल पाण्डेय, अखिलेश मिश्र, विवेक त्रिपाठी, हरीश शुक्ला, संजय शुक्ला, अनुपम श्रीवास्वत, शैलेन्द्र यादव, सत्य विजय सिंह, विनोद पाण्डेय, शिवाकांत पाण्डेय, आलोक तिवारी, रमाशंकर तिवारी, देवानंद पाण्डेय, रोशन मिश्र, सचिन मिश्र, सुशील शुक्ला, जावेद, मनीष, कैफ खान, अंकित दुबे, प्रशांत, सुमित मिश्र आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### आज शाम निकलेगा कैंडिल मार्च

प्रतापगढ़। नागरिक स्वाभिमान संघर्ष मोर्चा ने गुरुवार की शाम स्वशासी राजकीय चिकित्सा महा विद्यालय की मांग को लेकर अम्बेडकर चैराहे से लेकर चैक तक कैंडिल मार्च निकालने का निणय लिया है। 29 जुलाई को आयोजित इस कैंडिल मार्च में नगरवासियों से शामिल होने की अपील की गई है।

## मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना पर दी गई विधिक जागरूकता, परिचर्चा मे योजना के क्रियान्वयन पर जोर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील सभागार मे बुधवार को विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान मे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा को संबोधित करते हुए बतौर मुख्यअतिथि सीनियर डिवीजन के जज एवं प्राधिकरण के जनपदीय सचिव नीरज त्रिपाठी ने योजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाल संरक्षण के लिए विधिक एवं शासकीय सहायताओं से जुडी योजनाओ की सफलता जन-जागरूकता मे ही निहित है। उन्होनें कहा कि न्याय आवश्यकता मे पारदर्शिता के साथ दिखना चाहिये तभी विधि एवं कानून की अवधारणा को सार्थकता मिल सकेगी। उन्होने कोविड-19 के तहत बालको की परवरिश को लेकर शासकीय लाभप्रद योजना की सार्थकता पर भी प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि सिविल जज एवं समिति की तहसील इकाई अध्यक्ष ललिता यादव ने कहा कि जरूरतमंद परिवार तक योजना को पहुंचाने के लिए जागरूक समाज को अग्रणी भूमिका निभानी चाहिये। उन्होने कहा कि कानून तथा न्याय मे निहित बालकों के संरक्षण के प्रति सरकार एवं समाज दोनों तबके की अहम जिम्मेदारी कोरोना काल मे बढ़ी है। अध्यक्षता करते हुए एसडीएम राहुल यादव ने कहा कि सभ्य समाज का आदर्श तभी मजबूत हो सकता है जब जिम्मेदार तबका कानून की अवधारणा को समाज के आखिरी व्यक्ति तक न्याय की मंशा के साथ पहुंचा सके। तहसील इकाई की सचिव एवं तहसीलदार श्रद्धा पाण्डेय ने ग्रामीण क्षेत्रो मे विधिक साक्षरता के ध्येय तथा सुलभ न्याय के ढांचे को मजबूत बनाने के लिए संकल्पबद्ध होने का आहवान किया।

## मंदिर से मूर्ति चोरी की सूचना देने आये पुजारी की उडायी बाइक

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मंदिर से मूर्ति चोरी की सूचना देने आये पीड़ित की बाइक उचक्कों ने कोतवाली गेट से ही उड़ा ली। कोतवाली के मोठिन निवासी बैजनाथ पाल बुधवार को थाने मे गांव मे तुलजा देवी के मंदिर मे मूर्ति चोरी होने की तहरीर लेकर कोतवाली आया था। कोतवाली गेट पर वह अपनी बाइक खडी कर वह अंदर गया। घटना की तहरीर देने के बाद उसके वापस लौटने पर बाइक नदारद मिली। इससे पीड़ित आवाक रह गया। इधर पीडित बैजनाथ पाल तथा गांव के कई लोगों ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी है कि गांव मे स्थित तुलजा देवी के मंदिर मे बीती पचीस जुलाई को दोपहर बाद मूर्ति चोरी हो गयी। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी किंतु कार्रवाई नही हुई।पुजारी बैजनाथ पाल के साथ गांव के धर्मेन्द्र, देशराज, आशीष, सौरभ, आकाश, शत्रोहन, शुभम, करन आदि ने पुलिस की लापरवाही तथा मंदिर मे चोरी की घटनाओं को लेकर आक्रोश जताया। वहीं सूचना देने आये पुजारी ने भी बाइक चोरी की भी घटना को लेकर पुलिस को अलग से तहरीर दी है।



# कारपोरेशन बैंक में दस लाभाथिर्यों को दिया गया स्वनिधि योजना का ऋण

**प्रतापगढ़।** नगर में कारपोरेशन बैंक की शाखा में बुधवार को पीएम स्वनिधि योजना में 10 लाभाथिर्यों को ऋण स्वीकृत किया गया। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने बैंक के सहयोग से 10-10 हजार रुपये का ऋण स्वीकृत पत्र दस लाभाथिर्यों को दिया।इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी ने कहा कि इसे 12 किस्त में एक वर्ष में जो लाभार्थी पैसा अदा कर देंगे, उनको कुछ छूट भी दी जाएगी। लाभाथिर्यों को योजना के बारे में जानकारी देने और उन्हें ऋण दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सालिक राम, शाखा प्रबंधक आशीष, स्वच्छ भारत मिशन के डीपीएम वरुण कुमार सिंह, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। बता दें कि एक दिन पूर्व नगर पालिका परिसर में 25 लाभाथिर्यों को यह ऋण स्वीकृति पत्र दिया गया था। इसमें ठेलेवाले, फलवाले और पटरी पर दुकान लगाने वालों को यह सुविधा दी गई, जो इस धन का उपयोग अपने छोटे व्यवसाय में कर सकते हैं।

## शिकायतों के लम्बित पाये जाने पर नपेंगे अधिकारीः डीएम

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डॉ नितिन बंसल ने बुधवार को जनता दर्शन के दौरान कलेक्ट्रेट कार्यालय में कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए जन सामान्य की समस्याएं सुनी एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने जनता दर्शन में आए लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोविड-19 संक्रमण से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। मास्क लगाएं तथा सैनिटाइजेशन पर नियमित से ध्यान दें। सभी व्यक्ति अपना टीकाकरण अवश्य कराएं। कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए जनसमस्याएं सुनी तथा निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष नाली विवाद, भूमि पर अवैध कब्जे, वसीयत, भूमि की पैमाइश, शौचालय, राशन, आवास आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।

# भाजपा सरकार में ब्राहमणों व दलितों का हो रहा उत्पीड़न : सतीश मिश्रा

## ब्राहमण व दलित के गठजोड़ से बनेगी यूपी में फिर बसपा सरकार

**रानीगंज, प्रतापगढ़।** बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद सतीश मिश्रा ने आज रानीगंज क्षेत्र के रामनगर में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग की गोष्ठी में कहा कि भाजपा शासन में दलित व ब्राहमण सबसे ज्यादा प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान राम के मंदिर के नाम पर वोट मांगकर सत्ता में आई भाजपा ने ब्राहमणों का जमकर उत्पीड़न किया है। भगवान राम के मन्दिर के नाम पर वोट मांगे गए और हजारों करोड़ों रुपए इकठ्ठा किए गए लेकिन अयोध्या में मन्दिर के नाम पर एक वर्ष में निर्माण के नाम पर कहीं कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज आज निशाने पर है। उन्हें जगह जगह चुन चुन कर निशाना बनाया जा रहा। उन्होंने कानपुर के चर्चित बिकरू कांड को उठाते हुए विकास दुबे के इनकाउंटर को फिल्मी स्क्रिप्ट बताया। उन्होंने कहा कि जेल में बन्द खुशी दुबे का इस सरकार में प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 23 प्रतिशत दलित और 13 प्रतिशत ब्राह्मण समाज के गठजोड़ से 2022 में बीएसपी फिर सत्ता में आ जाएगी। कार्यक्रम में बीएसपी महासचिव का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के संयोजक पूर्व बीएसपी विधायक राम शिरोमणि शुक्ला ने उन्हें गणेश प्रतिमा भेंट की। कार्यक्रम का संचालन पूर्व कैबिनेट मंत्री नकुल दुबे ने किया। अंत में कार्यक्रम के संयोजक पूर्व बीएसपी विधायक राम शिरोमणि शुक्ला ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व विधायक संजय तिवारी, बार काउंसिल के सदस्य देवेन्द्र त्रिपाठी नगरहा, मुख्य सेक्टर प्रभारी सुशील कुमार, अमरेन्द्र, जिलाध्यक्ष लालचन्द्र, महेंद्र पांडेय, अखिलेश शर्मा, विजय मिश्र बॉबी, उमाकांत पांडेय, राकेश मिश्र, बाबा तिवारी, विनोद पाल, अशोक कुमार आदि रहे।



# गांधी जी के सच्चे अनुयायी थे स्व0 लाल प्रतापः डा0 लालजी



**प्रतापगढ़।** कांग्रेस नेता, पूर्व विधायक, गांधी वादी विचारक स्व0 लाल प्रताप सिंह की पुण्यतिथि बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में समारोह पूर्वक मनाई गई।

इस अवसर पर कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी ने स्व0 बाबूजी के आदर्शों का बखान किया। उनके बारे में अनेक संस्मरण सुनाए।

उन्होंने कहा कि बाबूजी ने गांधी की विचारधारा को कभी छोड़ा नहीं, वे गांधी जी के सच्चे अनुयायी थे। उन्होंने जीवन पर्यंत कांग्रेस की विचारधारा को बढ़ाने का काम किया और इसीलिए उन्हें प्रतापगढ़ का गांधी कहा जाता है। डॉ0 त्रिपाठी ने कहा कि बाबू जी एक ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ, और सादगी की प्रतिमूर्ति थे। उनके आदर्शों पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। इस अवसर पर मौजूद कांग्रेस जनों व उनके सहयोगियों ने स्व0 लाल प्रताप सिंह के व्यक्तित्व व उनके आदर्शों के बारे में अपने संस्मरण सुनाए। कार्यक्रम का सफल संचालन इरफान अली ने किया।

समारोह में पूर्व अध्यक्ष नरसिंह प्रकाश मिश्र, डा0 वी0 के0 सिंह, वेदांत तिवारी, रोहित शुक्ला, यमुना पांडेय, महेंद्र शुक्ला, प्रेम शंकर द्विवेदी, फिरोज कुरेशी, संजय पांडे, सत्य जीत सिंह, रामेंद्र सिंह, बृजेश सिंह, अमर सिंह, महेंद्र विक्रम सिंह, अजीत प्रताप सिंह, अंकिता सिंह, डॉ0 अजय सिंह, ज्योति तिवारी, चंद्रनाथ शुक्ला, सुरेश मिश्र, अब्दुल रहमान, चंद्रशेखर सिंह, हरिश्चन्द्र सरोज, सूर्य प्रकाश शुक्ला, रफीक भाई, करुण पांडेय, लल्लन सिंह, सिराजुद्दीन, अब्दुल माबूद सहित अनेक कांग्रेस जनों ने विचार व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर दिलीप गौतम, आकाश मिश्र, प्रवीण द्विवेदी, आशुतोष तिवारी, राकेश कुमार गौतम, रामजीत सरोज, जय प्रकाश सिंह, जगत बहादुर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, मो0यूसुफ, शशि प्रकाश त्रिपाठी, विजय शंकर तिवारी, शांतनु सिंह, संजय तिवारी, राम रतन तिवारी, शिवम मिश्र, मो0 दिलशाद, मनीष सिंह, विपिन सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## स्व0 लाल प्रताप की मनाई गई पुण्यतिथि

### स्व0 लाल प्रताप सिंह की मनयी पुण्यतिथि

रानीगंज, प्रतापगढ़। स्व0 लाल प्रताप सिंह की पुण्यतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान बृजेन्द्र मिश्र ने स्व0 बाबूजी के आदर्शों का बखान किया। उन्होंने कहा कि बाबूजी ने गांधी की विचारधारा को कभी छोड़ा नहीं, वे गांधी जी के सच्चे अनुयायी थे। उन्होंने जीवन पर्यंत कांग्रेस की विचारधारा को बढ़ाने का काम किया, और इसीलिए उन्हें प्रतापगढ़ का गांधी कहा जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आशीष तिवारी, कमलाकर पांडेय, संतोष शर्मा, संबोध गिरी, फुरसत अली, विमल सिंह, मनोज पांडेय, सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# विषैले जंतु के डसने से महिला की मौत

## पुलिस ने शव को कब्जे में लिया, घर में मचा कोहराम

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली क्षेत्र के मकरा मनभौना गांव की महिला को सोते समय पैर में विषैले जंतु ने डंस लिया। सुबह लोग जब उसके बिस्तर पर गए तो मुंह से झाग निकलता देख उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां पर महिला की गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। प्रयागराज जाते समय रास्ते में महिला की मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर आए वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पीएम के लिए भेज दिया।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के मकरा मनभौना गांव की रहने वाली शिवकुमारी पतनी शिव शंकर खाना-पीना खाकर सोने के लिए अपने बिस्तर पर चली गई बुधवार की सुबह करीब 5 बजे जब उनका बेटा महेश उठा और उनके बिस्तर के पास गया तो देखा कि उनके मुंह से झाग निकल रहा था।जिस पर वह उन्हें इलाज के लिए एक प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल ले गया जहां पर महिला की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने प्रयागराज रेफर कर दिया वहीं प्रयागराज जाते समय रास्ते में महिला की सांसें थम गई। जिससे परिजन शव लेकर घर वापस आए शव घर पहुंचते ही घर पर कोहराम मच गया।

इस दौरान घटना की सूचना पट्टी पुलिस को दी गई तो मौके पर एसआई सुभाष चंद तिवारी मय हमराह सिपाहियों के साथ पहुंचे और महिला के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। शिव कुमारी के पति शिव शंकर की मौत पहले ही हो चुकी थी उनके कुल 4 बेटियां और दो बेटे हैं जिनमें से तीन बेटी व दो बेटों की शादी हो चुकी है अभी छोटी बेटी की शादी करना बाकी है। अब उसकी जिम्मेदारी दोनों भाइयों के कंधे पर आ गई है। फिलहाल घर पर संवेदना जताने वालों का तांता लगा हुआ है।

## बच्चों के विवाद में मां बेटी और बेटे पर हमला

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मंगलवार की शाम बच्चों के विवाद को लेकर नेवादा गांव में आधा दर्जन आरोपियों ने माँ बेटे और बेटी को मारा पीटा। पीड़िता ने पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के नेवादा गांव की रहने वाली शबनम पतनी जयंती ने पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि बच्चों के विवाद को लेकर मंगलवार को उसके बेटे अमरजद को आधा दर्जन लोग लाठी डंडे और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जान बचाकर वह घर मे भागा तो आरोपी घर मे घुस गए जब वह और उसकी बेटी शबनम बीच बचाव करने आयी आरोपियों ने उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया पीड़िता ने पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# चोरी की योजना बनाते तीन शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

## अवैध तमन्चा, कारतूस व चोरी के 4900 रू0 बरामद

**प्रतापगढ़।** थानाध्यक्ष हथिगवां दूधनाथ सिंह मय हमराह द्वारा बीती रात क्षेत्र चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के एपीएस डिग्री कालेज के पास बने मंदिर परिसर से चोरी की योजना बना रहे तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से एक अवैध तमन्चा 315 बोर, दो जिन्दा कारतूस 315 बोर, दो लोहे का सूआ, एक टार्च व चोरी के 4900 रू0 नगद बरामद किया गया। इस संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 148/21 धारा 401 भादंवि व मु0अ0सं0 149/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम सौरभ उर्फ मनीष सरोज, का अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों में सौरभ उर्फ मनीष सरोज पुत्र स्व0 मदनलाल सरोज नि0 रोर थाना बाघराय, राजेश सरोज पुत्र प्रभू सरोज नि0 महेवा, मोहनपुर थाना हथिगवां व गंगाराम सरोज पुत्र राम मोहन सरोज नि0 परानूपुर थाना हथिगवां शामिल हैं। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोग साथ मिलकर चोरी करते हैं। अभियुक्त सौरभ ने बताया कि कुछ दिन पहले अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर लखनऊ के गोमती नगर में कई दिनों से बन्द पड़े मकान में से लाखों रू0 व जेवरात की चोरी की थी जिसमें से मुझे अपना हिस्सा 02 लाख 70 हजार रू0 मिला था।

# एम्बुलेंस चालकों की हड़ताल को सपाईयों ने जायज ठहराया, चालकों से मुलाकात कर पूर्व मंत्री ने दिया आश्वासन

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव व पूर्व चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री प्रो. शिवाकांत ओझा के नेतृत्व में सपा के पदाधिकारी पृथ्वीगंज हवाई अड्डे पर एम्बुलेंस चालकों की हड़ताल पर मौके पर जाकर एम्बुलेंस चालकों से वार्ता कर उनकी मांगों को जायज ठहराते हुए चिकित्सा अधिकारी प्रतापगढ़ से फोन पर वार्ता कर एम्बुलेंस चालकों की मांग को सरकार तक पहुंचाने के लिए कहा।



इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव ने आश्वासन दिया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से उक्त सम्बन्ध में वार्ता करके उनकी मांगों को सदन में उठाने के लिए कहेंगे तथा 2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर अखिलेश यादव से ठेकेदारी प्रथा को समाप्त कर एम्बुलेंस चालकों को स्थायी समायोजित करने की बात की जायेगी। पूर्व चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री प्रो. शिवाकांत ओझा ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर एम्बुलेंस चालकों को उनका सम्मान दिलाने का कार्य किया जायेगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष इरशाद सिद्दीकी, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.शेरबहादुर यादव, नरेंद्र पाल एडवोकेट, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष साबिर अली, संतोष यादव, उमंग यादव, राजेंद्र यादव, शिवकुमार यादव, राजकुमार गुप्ता, मनोज यादव एडवोकेट, पुरषोत्तम यादव, रामसिंह, अनिल तिवारी, रमेश सरोज, मीडिया प्रभारी मनीष पाल सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में हुई समीक्षा बैठक, मंडला आयुक्त ने दिए कड़े निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**भदोहीं।** कलेक्टेट सभागार में आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर/नोडल आफिसर योगेश्वर राम मिश्र ने जिलाधिकारी महोदया आर्यका अखौरी के साथ विकास कार्यो एवं निर्माण कार्यो की समीक्षा की।इस अवसर पर आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर/नोडल आफिसर योगेश्वर राम मिश्र ने विभाग वाईज एक-एक विभाग के अलग-अलग अब-तक किये गये कार्यो की प्रगति की जानकारी ली, तत्पश्चात कमियो के प्रति सम्बन्धित विभाग के अधिकारियो के कार्यशैली के प्रति आगाह भी किया है। समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त महोदय ने जनपद में कार्यदायी संस्थाओं द्वारा निर्माणाधीन बड़ी परियोजनाओं के अधिकारियो को हिदायत दी है कि वे समय-सीमा के भीतर मानक के अनुरूप पारदर्शीयुक्त/गुणवत्ता सहित ध्यान देते हुए निर्माण कार्यो को पूर्ण कराये, यह भी कहे कि इस कार्य में शिथिलता कत्तई बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होने विशेष रूप से जनशिकायतों, जमीन से सम्बन्धित विवादो, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छता मिशन, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सको की उपस्थिति, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, कन्या सुमंगला योजना वृद्धा पेंशन विकलांग पेंशन विधवा पेंशन छात्रवृत्ति आदि प्रमुख विषयों पर सम्बन्धित विभागों के अधिकारियो के कार्यो की अलग-अलग विभागवार गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियो को कड़ी हिदायत दी है कि समय सीमा के भीतर निर्माण कार्य एवं अन्य लाभार्थीपरक योजनाओं से सम्बन्धित अधिकारीगण अपने-अपने विभाग के कार्यो में पात्र लाभाथिर्यों को लाभान्वित कराये। इस कार्य में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियो के कार्यशैली को गम्भीरता से लिया जायेगा। पुलिस विभाग को निर्देश दिये कि रात्रि भोर के समय पुलिस पेट्रोलियम/भूॅ-माफियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करे, एवं अवैध कब्जा मुक्त कराये, एवं गोवंश पर भी कार्यवाही करें, एस0सी0/एस0टी0 मामले लम्बित न रखें। आबकारी अधिकारी को निर्देश दिये कि अवैध शराब के दुकानों पर बराबर चेकिंग कराये।आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर/नोडल आफिसर योगेश्वर राम मिश्र ने समस्त उप जिलाधिकारियों को कड़ा



निर्देश दिया है कि भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिक्रमण खाली कराये। तथा सड़क के किनारे अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटा दिया जाय। आयुक्त महोदय ने सम्बन्धित वसूली वाले विभागों के अधिकारियों को हिदायद दी गयी की कम वसूली करने वाले विभागों के अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर/नोडल आफिसर योगेश्वर राम मिश्र ने विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिये कि जहॉ जर्जर तार लटके हो उन्हे तत्काल चेन्ज करा दे एवं 24 घण्टे के अन्दर जले ट्रान्सफार्मर को चेंन्ज करा दे, अन्यथा कही भी ऐसी शिकायत मिली तो विद्युत विभाग के अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी को सख्त हिदायत दी की अपने कार्यशैली में सुधार लाये, अन्यथा कठोर कार्यवाही की जायेगी। आयुक्त महोदय ने समस्त अधिकारीगण से कहा कि अपने-अपने कार्यशैली में परिवर्तन लाते हुए शासन के मंशाअनुरूप सौपे गये दायित्वों निर्माण/विकास कार्यो को निष्ठा/ईमानदारी पूर्वक करते हुए प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वयन कराना सुनिश्चित कराये। जो भी निर्माण कार्य किये जाये वे मानक के अनुरूप पारदर्शीयुक्त/गुणवत्तायुक्त कराये जाय, इस कार्य में लापरवाही/शिथिलता बरती गयी तो ऐसे अधिकारियो के कार्यशैली को गम्भीरता से लिया जायेगा।

तत्पश्चात आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर/नोडल आफिसर योगेश्वर राम मिश्र ने डीएफओ कार्यालय का निरीक्षण किया और उपस्थिति पंजिका ,सर्विस बुक , जीपीएफ पासबुक कार्यालय का साफ-सफाई आदि का निरीक्षण किया एवं दिशा निर्देश दिया। इस दौरान आयुक्त महोदय एवं जिलाधिकारी महोदया एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।तत्पश्चात आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर/नोडल आफिसर योगेश्वर राम मिश्र एवं जिलाधिकारी महोदया आर्यका अखौरी ने ज्ञानपुर गेस्ट हाउस में कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र भदोही के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में ऑनलाइन उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अंतर्गत विभिनन्‍ ट्रेडो जैसे दर्जी , नाई, बढ़ाई , बॉस्केट ,बुनकर , लोहार आदि कुल 250 लाभाथिर्यों को टूल कीट वितरण किया गया।

इस बैठक में पुलिस अधीक्षक रामबदन सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी , समस्त उप जिलाधिकारी, उपायुक्त उद्योग हरेंद्र प्रताप, जिला सूचना अधिकारी प्रवीण मालवीय, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला अर्थसंख्याधिकारी संतोष कुमार एवं सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।



# वार्ड नंबर छह के नागरिक सुविधाओं से है वंचित

## सभासद ने कहा की 35 प्रस्ताव दिए पर कोई सुनवाई नहीं

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज।** नगरों में अपेक्षाकृत नागरिक सुविधाओं के बेहतरी की उम्मीद की जाती है। लेकिल गोपीगंज नगर का वार्ड नंबर छह अभी भी आधारभूत सुविधाओं से वंचित हैं। नगर पालिका परिषद गोपीगंज के वार्ड छह सुविधाओं के नाम पर अब भी फिसड्डी साबित हो रहा है। लोगों को यहां बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। सड़कें व नालियां कई जगह खराब हो चुकी है। वहीं इस वार्ड में साफ-सफाई का हाल काफी खराब है। पूरे वार्ड क्षेत्र में गंदगी देखने को मिली। सफाई की बात हो, सड़क या फिर अन्य तरह की सुविधाओं की बात हो। यहां मूलभूत सुविधा अब भी नहीं है। वार्ड के निवासियों ने बताया की नाली के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई, मानक के अनुरूप नाली का निर्माण नही किया गया जिससे यह नही मालूम पड़ता की पानी का बहाव किधर जिससे नाली का गंदा पानी सड़को पर बहता है। और सड़क टूट जाती है। लोगो ने बताया की नाली का निर्माण किए कई वर्षो के बीत जाने के बाद अभी तक पटिया नही उठाई गई। वही वार्ड सभासद मंजू देवी का कहना है की हमने बीते चार सालों में वार्ड की समस्याओं का प्रस्ताव दिया परंतु हमारे साथ हमेशा अनदेखी की गई वही सभासद पति शिवप्रसाद बिंद का कहना है की इस संबंध में निवर्तमान जिलाधिकारी को अवगत कराए जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। अब तक कुल 35 प्रस्ताव बोर्ड की बैठक में दिया गया है पर एक भी कार्यपुस्तिका रजिस्टर पर दर्ज नही किया गया। चुनाव के समय लुभावने वादे किए जाते है पर चुनाव के बाद वही धाक के तीन पात की कहावत चरितार्थ होती है।

# कांग्रेसी नेता पंडित ब्रह्मदेव तिवारी पंचतत्व में विलीन

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज/भदोही।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेस आंदोलन सभा के प्रमुख नेता पंडित ब्रह्मदेव तिवारी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए गार्ड आफ आनर देकर उन्हें अंतिम विदाई दी गई। कांग्रेस को अपना पूरा जीवन समर्पित करने वाले स्वर्गीय पंडित ब्रह्मदेव तिवारी का पार्थिव शरीर तिरंगे के साथ लिपटे हुए भारी संख्या में कांग्रेसियों संघ रामपुर घाट ले जाकर बुधवार को अंतिम संस्कार किया गया। जहां कांग्रेस के जिला अध्यक्ष माबूद खान के नेतृत्व में उन्हें गार्ड आफ ऑनर देकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पदाधिकारियों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहां की स्वर्गीय तिवारी



जिला कांग्रेस कमेटी के अनेक पदों पर रहते हुए पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा समर्पण व कार्यशैली से हम सबके दिलों में बसे रहे। आज हमने एक मुखिया खो दिया है, जो कांग्रेसी पार्टी ही नहीं बल्कि भदोही जिले के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक सभा में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉक्टर धीरेंद्र पांडे, सुरेश चंद उपाध्याय, मृत्युंजय पांडे, श्रीधर मिश्रा, आनंद मौर्य, परवेज हाशमी, रितेश विश्वकर्मा, सुरेश चंद्र मिश्र, राम सिंगार पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

# पत्नी के साथ अश्लील हरकत और धमकी दिए जाने का आरोप लगाया

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज/भदोही।** कोतवाली क्षेत्र के गांधी गांव के व्यक्ति ने अपनी पतनी के साथ अश्लील हरकत करने और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग जाने की तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना के संबंध में बताया जाता है की गांधी निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर देते हुए लिखा है की हमारी पतनी रात्रि के आठ बजे शौच से घर वापस आ रही थी। उसी गांव का ही एक व्यक्ति शराब के नशे में आकर मेरी पतनी का हाथ पकड़कर खींच लिया और साड़ी पकड़कर खींचने लगा। साथ ही अश्लील हरकते करने लगा। मेरी पतने के शोर करने पर मेरी मां और भाई की पतनी ने देखा तो वह व्यक्ति गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। जिसकी सूचना तत्काल 112 को दिया। सूचना के आधार पर पुलिस आरोपी के विरूद्ध मुकदमा कायम कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है। ग्रामीणों ने आए दिन हो रहे ऐसी घटनाओं से आजिज आकर पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि कुछ ऐसे बड़े मामले जिसमे पुलिस के ऊपर दबाव पड़ जाता है सामने आ जाते है। नही तो आए दिन घट रही घटनाओं को पुलिस नजरअंदाज करते हुए उसका रूप बदल देती है। और भुक्तभोगी को न्याय नहीं मिल पाता।

# यातायात पुलिस ने किया 45 वाहनों का चालान, 5100 रुपए की हुई वसूली

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज/भदोही।** शासन व जिलाप्रशान के निर्देश पर नगर क्षेत्र में लाकडाउन के नियमो के उलंघन का पालन कराने में ट्रैफिक पुलिस सख्त नजर आई। बुधवार को यातायात प्रभारी शशिकांत यादव ने बिना हेलमेट, बिना मास्क, सीटबेल्ट, तीन सवारी वाहन चालकों के खिलाफ यातायात अधिनियम के तहत जुर्माना काटकर उनका चालान किया। इस प्रकार कुल 45 वाहनों का विभिनन्‍ रूप से चला चालान किया और वाहन चालकों को हिदायत दिया कि बिना मास्क बिना हेलमेट वाहन को न चलाएं। खुद सुरक्षित रहें और अपने परिवार को खुशहाल देखें। दोबारा पकड़े जाने पर किसी को ना बख्शने की हिदायत दी।

# उधारी का पैसा मांगने पर हुई पिटाई, मामला पहुंचा चौकी

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज।** नगरीय क्षेत्र के कांजी हाउस निवासिनी वार्ड नंबर छह की सभासद मंजू देवी ने कोतवाली अंतर्गत पुलिस चौकी में एक लिखित तहरीर देते हुए वर्तमान प्रधान पति जौहरपुर, टीकापुर के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा है की प्रधान पति से हमारा संबंध अच्छा था प्रधानी के चुनाव के दौरान कुछ रुपए मांगे थे हमारे पति ने उन्हें दिया। चुनाव बाद जब हमारे देवर ने पैसे की मांग किए तो उसे और कई लोगो ने मारपीट कर भगा दिया। जब हमारे पति को इसकी सूचना मिली तो उसे भी धमकी देकर भगा दिया और कई लोगो के साथ मेरे घर पर चढ़कर आए और मारपीट कर घायल कर दिए। मंजू के पति शिवप्रसाद बिंद ने कहा की हमने इसकी जानकारी लिखित रूप से थाना,चौकी को दिया परंतु विपक्षी के विरुद्ध कार्यवाही न करते हुए हमसे ही सुलह कराने की बात कही जा रही है। हमारा एक लाख रुपया बकाया है।

# हत्यारोपी तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** सुरियावां पुलिस ने हत्यारोपी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए गए अभियान के तहत बुधवार को बड़ी कामयाबी मिली। जब तीनों अभियुक्त भागने के चक्कर में गिरफ्तार कर लिए गए।

प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा एवं क्षेत्राधिकारी प्रयांक जैन ने बताया कि गत 25 जुलाई को सुरियांवा थाना क्षेत्र के ग्राम मधु पट्टी निवासी राजेंद्र गौतम की उसी गांव के रमेशगौतम पुत्र विजय शंकर उर्फ हनन्‍ गौतम,सन्तोषगौतम पुत्र



लालचर्न्दगौतम, अनुज तिवारी पुत्र इंद्रजीत तिवारी निवासी मधु पट्टी सुजानपुर ने लाठी डंडे एवं कुल्हाड़ी से मारा। हत्या आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस अधीक्षक राम बदन सिंह ने विशेष निर्देश सुरियावां पुलिस को दिया था। पुलिस ने चौगुना मार्ग के नया गेट के पास भागने के चक्कर में थे गिरफ्तार कर लिए गए। ज्ञातव्य हो कि हत्या अभियुक्त रमेश गौतम के पिता हनन्‍ गौतम की 2019 में हत्या की गई थी उसी का बदला लेने के लिए हत्या की गई। हत्याअभियुक्त के निशानदेही पर एक कुल्हाड़ी एवं लाठी बरामद की गई। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी थाना अध्यक्ष अजय कुमार मिश्र, हेड कांस्टेबल दिलीप यादव, विकास कुमार, रणजीत सिंह, अरुण कुमार रहे। पुलिस अधीक्षक ने बरामदे एवं गिरफ्तारी करने वाली टीम को उचित पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा।

# हाई वोल्टेज के चलते जला बी यू पी बैंक का नेटवर्किंग सिस्टम

**भडेवरा /करछना।** क्षेत्र के भड़ेवरा बड़ौदा यू पी बैंक का नेटवर्किंग सिस्टम हाई वोल्टेज के चलते जल गया जिससे वहां की सारी व्यवस्था चरमरा गई है और ग्राहकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।बैंकिंग सूचना के अनुसार आई टी इंजीनियर के आने के बाद पता चला कि उसका राउटर जल गया है। शाखा प्रबंधक के अनुसार यह बताया गया कि जल्द से जल्द बैंक की नेटवर्किंग सिस्टम को ठीक कराकर ग्राहकों को पुनः सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# विश्वकल्याणार्थ पत्रकार ने कौलापुर में सपरिवार किया रुद्राभिषेक

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज, भदोही।** क्षेत्र के कौलापुर गांव में विश्वकल्याणार्थ के लिए रुद्राभिषेक करा कर गांव सहित पूरे देश के लिए मंगल कामना की गई। भूत भावन भगवान भोलेनाथ का अति प्रिय सावन मास में वैश्विक महामारी से मुक्ति के लिए मानव में शक्ति प्रदान करने के लिए पत्रकार अंकित पाण्डेय ने सपरिवार रुद्राभिषेक कराकर भगवान शिव से प्रार्थना की कि जल्द ही कोरोना महामारी से पूरे देश को निजात मिले। इस मौके पर काफी संख्या में पत्रकार व समाजसेवी मौजूद रहे।



# पुलिस ने आजाद कराया तेरह भैसों को, भेजा गौशाला

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज भदोही।** राष्ट्रीय राजमार्ग के राजनगर के पास एक ट्रक से तेरह नग भैसों शहीद वाहन को पकड़कर पुलिस ने औराई गौशाला में भेज दिया है। घटना के संबंध में बताया जाता है की पुलिस को मुखबिर के द्वारा जानकारी मिली कि बिहार से उननव ले जाने के लिए भैसों से भरी ट्रक सुबह जाएगी। पुलिस में शामिल रामनयन यादव एस आई, एस आर अहमद अपने सहयोगियों संग राष्ट्रीय राजमार्ग के राजनगर के पास सामने से आ रही संदिग्ध ट्रक को रोका और छानबीन किया तो उसमे भैसे पाई गई। जिन्हे वाहन सहित कोतवाली में लाकर पशुओं को औराई गौशाला में भेजकर ट्रक चालक मोहम्मद वसीम पुत्र असवंद अली निवासी परशुराम पट्टी थाना मांधाता जनपद प्रतापगढ़ व खलासी सोनू चौधरी पुत्र शंभू चौधरी निवासी ग्राम लोहगरा थाना बारा जनपद प्रयागराज को पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

# ऑटो ट्रेलर की टक्कर में नवयुवक ऑटो चालक की दर्दनाक मौत

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज।** औराई कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग के ओवरब्रिज पर ऑटो ट्रेलर की भिड़ंत में ऑटो चालक नवयुवक की मौत होने का समाचार प्राप्त हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा राहुल विश्वकर्मा पुत्र रामजी विश्वकर्मा 18 निवासी जयरामपुर माधोसिंह थाना औराई अपने घर से प्रतिदिन की भांति ऑटो निकालकर रोजी की तलास में



ऑटो स्टैंड पर जा रहा था माधोसिंह ओवरब्रिज पर तिब्रगति से आ रही ट्रेलर की चपेट में आने से नवयुवक गंभीर रूप से घायल हुआ जिसे तत्काल परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ केंद्र गोपीगंज ले आए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित किया मृत घोषित होते ही परिजनों में कोहराम मच गया जय रामपुर ग्राम से आए हुए तमाम ग्रामीण और घर की औरतों में रोना पीटना शुरू किया जिससे वहां का माहौल गमगीन हो गया जिसे देखो उसी के आंखों में आंसू नजर आ रहे थे रोजी तो मिली नहीं मौत जरूर मिल गई। परिजन शव को लेकर ऑटो से अपने घर की तरफ रवाना हो गए। नजदीकी घटना होने से परिजन पहुंच गए थे।

# इरादतगंज हवाई पट्टी मार्ग पर जलभराव राहगीरों को फजीहत



**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** मंगलवार की देर रात हुई झमाझम बारिश से जहां किसानों ने राहत की सांस ली वहीं समुचित जल निकासी ना होने के कारण कई संपर्क मार्गो पर गुठने से ज्यादा पानी भर गया ।जिससे राहगीरों को निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा ।

इधर कई दिनों आसमान में छाए काले बादल उमड़ घुमड़ कर बिना पानी बरसाए चले जा रहे थे ।जिससे किसानों के चेहरों की खुशियां उड़ चुकी थी । मंगलवार की शाम से शुरू हुई झमाझम बारिश बुधवार भोर तक हुई तो किसानो की खुशी लौट आई ।

उधर बारिश से इरादतगंज हाईवे से हवाईपट्टी की ओर जाने वाले रास्ते पर लगभग दो सौ मीटर तक गुठने से ज्यादा पानी भर गया ।जिससे बुधवार के पूरे दिन बाइक सवार पानी के बीच छिपे गड्ढे में फंसकर गिरते चुटहिल होते नजर आए ,पूरे दिन राहगीरों को भरे पानी से गुजरने की मजबूरी बनी रही ।

# काया कल्प योजना के अंतर्गत नहीं हो पाई ककरम में विद्यायालय की सुंदरता

**अखंड भारत संदेश**

**भड़ेवरा /करछना।** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ककरम गांव के विद्यालय की दशा अत्यन्त खराब है । विद्यालय में मौजूद विद्यालय के इंचार्ज गंगेश नारायण पाण्डेय ने बताया कि भूतपूर्व प्रधान के समय से ही विद्यालय की व्यवस्था खराब कर दी गई थी,और इस पर कोई ध्यान नहीं दिया था , उन्होंने बताया की हैंड पंप में लगे समर्सिबल तार को अज्ञात लोगों के द्वारा काट लिया गया था ,जिसकी लिखित शिकायत उन्होंने भुण्डा पुलिस चौकी पर दी थी लेकिन आज तक उसकी कोई जांच नही हुई ।विद्यालय परिसर में न तो इंटरलॉकिंग की गई है न तो किसी भी शौचालयो में कोई टाइल्स सीट, न चहर दिवारी की पुताई ,और तो और दिव्यांग शौचालय की दशा तो अत्यंत दयनीय स्थिति में है , वहा पर देखा गया की कूड़ो से भरा परिसर बदबू दे रहा है जो बीमारी को बढ़ावा दे रहा है। प्रधानाचार्य गंगेश ने बताया कि इसकी जल्द से जल्द जांच करवाई जाए।

# शिक्षकों के ऊपर छात्रों का भविष्य शासन के मंशानुरूप करें कार्य

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** शिक्षक समाज की वह धुरी है जिसके द्वारा देश और समाज का नव निर्माण होता है ।उक्त बातें बुधवार के दिन बीआरसी जसरा में उत्तर प्रदेशीय जूनियर शिक्षक संघ द्वारा सम्मान कार्यक्रम में खंड शिक्षाधिकारी अखिलेश वर्मा ने शिक्षकों के बीच कहा ।आगे उन्होंने कहा कि शिक्षको के ऊपर छात्रों का भविष्य है इस लिए उन्हें शासन के मंशानुरूप कार्य करना



चाहिए । इस बीच संघ के अध्यक्ष मनोज पाठक ,मंत्री राजेन्द्र अनुरागी,कोषाध्यक्ष शकील अहमद ,संयुक्तमंत्री मो शाकिब,विनय कुमार सरिता गुप्ता ,संतोष मिश्र, हरनाम सिंह, भारतेंदु त्रिपाठी, श्यामाकांत द्विवेदी,रेखारानी,अब्दुल कुद्दुस खा, सोम जायसवाल, शैलेश कुमार, आदित्य सिंह,प्रेम सागर, आशिक अंसारी आदि शिक्षकों ने बीईओ अखिलेश वर्मा का माला पहना कर व बुके देकर सम्मानित किया ।

## सम्पादकीय

### असम मिजोरम सीमा विवाद : अपनी सीमा समझें राज्य

असम और मिजोरम के बीच विवाद की जड़ ब्रिटिश राज तक जाती हैं। भारत के कई राज्यों के बीच सीमा विवाद हैं, मगर जैसी हिंसा असम और मिजोरम पुलिस के बीच हुई, वह स्वीकार नहीं की जा सकती। पूर्वोत्तर के दो राज्यों असम और मिजोरम के बीच सीमा विवाद को लेकर जिस तरह की हिंसक झड़प सोमवार को हुई, वह न केवल इन दोनों राज्यों की सरकारों के लिए बल्कि पूरे देश के लिए चिंता की बात है। आखिरकार गृह मंत्री अमित शाह के दखल देने के बाद स्थिति काबू में आई। उन्होंने दोनों राज्यों से इस मामले में यथास्थिति बनाए रखने की अपील की है। साथ ही, इस बात को भी समझना होगा कि दोनों राज्यों के बीच सीमा विवाद बहुत पुराना है। इसकी जड़ें औपनिवेशिक शासन तक जाती हैं। तब मिजोरम असम का एक जिला था और उसे लुशाई हिल्स के रूप में जाना जाता था। विवाद के मूल में दो नोटिफिकेशन हैं, एक 1875 का जिसने लुशाई हिल्स को कछार के मैदान से अलग रेखांकित किया। दूसरा 1933 का, जो लुशाई हिल्स और मणिपुर के बीच सीमा निर्धारित करता है। मिजोरम का आग्रह है कि राज्य की सीमा तय करने के लिए 1933 के नोटिफिकेशन को आधार माना जाए जबकि असम 1875 के नोटिफिकेशन को आधार मानने की बात करता है। खासकर 1987 में मिजोरम के एक अलग राज्य बनने के बाद से यह विवाद और गहरा होता गया।

लेकिन दूसरे राज्यों के बीच अलग-अलग मसलों को लेकर विवाद होते रहते हैं। कई राज्यों के बीच सीमा विवाद भी हैं। ये विवाद कभी-कभार गंभीर तनाव का कारण भी बन जाते हैं। लेकिन जिस तरह की हिंसा असम और मिजोरम के पुलिस बलों के बीच हुई है, वह किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं हो सकती। दोनों राज्य सरकारों को ही नहीं केंद्र सरकार की तमाम एजेंसियों को भी इस बात की जानकारी थी कि कछार और कोलासिब जिलों की सीमा पर तनाव के हालात बन रहे हैं।दो दिन पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पूर्वोत्तर के दौरे पर गए थे और मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक में सीमा विवाद पर भी बातचीत हुई थी। इस सबके बावजूद ऐसी झड़प हुई। अब दोनों राज्यों की सरकारें एक-दूसरे पर दोषारोपण करते हुए परस्पर विरोधी दावे कर रही हैं, जिनकी सचाई जांची-परखी जा सकती है। जहां तक सवाल सीमा संबंधी विवाद का है तो देश के नियम कानून और संविधान के मुताबिक तमाम मंच उपलब्ध हैं, जहां दोनों सरकारें अपना पक्ष लेकर जा सकती हैं। मगर अपने-अपने दावों को दूसरे पक्ष से इस तरह मनवाने और इन कोशिशों में सशस्त्र पुलिस बलों को शामिल करने की इजाजत नहीं दी जा सकती।विवाद को उपयुक्त ढंग से हल करने की प्रक्रिया तो अविलंब शुरू होनी ही चाहिए, सोमवार को हुई झड़प की निष्पक्ष और विश्वसनीय जांच भी होनी चाहिए। यह पता लगाया जाना चाहिए कि इस हिंसा के दोषी कौन हैं। जिन लोगों ने अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वाह नहीं किया है, उनके खिलाफ समुचित कार्रवाई होनी चाहिए। इससे यह संदेश दिया जा सकेगा कि इस तरह की गलती आइंदे बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## राजस्थान में आंतरिक संकट सुलझाने की कगार पर पहुँच चुकी है कांग्रेस

**रमेश सर्राफ धमोरा**

कांग्रेस आलाकमान अब राजस्थान में गहलोत व पायलट के बीच चल रहे सत्ता के संघर्ष को पूरी तरह समाप्त करवाना चाहता है। इसीलिए सोनिया गांधी ने अचानक ही पार्टी के सबसे प्रभावशाली संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल को गहलोत के नाम अपना संदेश देकर जयपुर भेजा था। राजस्थान कांग्रेस में पिछले एक साल से चल रहे आंतरिक संघर्ष के समाधान होने के आसार नजर आने लगे हैं। हाल ही में पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल व राजस्थान के प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव अजय माकन ने जयपुर का दौरा कर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के साथ ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य व जयपुर में उपस्थित मंत्रियों, विधायकों से व्यक्तिगत चर्चा कर उनसे सरकार व संगठन के बारे में फीडबैक लिया। दिल्ली से आए दोनों वरिष्ठ नेताओं ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से उनके सरकारी आवास पर करीबन ढाई घंटे तक चर्चा की व उन तक कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी का संदेश पहुंचाया।

राजस्थान कांग्रेस में पिछले वर्ष जून माह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व उप मुख्यमंत्री रहे सचिन पायलट ने अपने समर्थक 18 विधायकों के साथ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की कार्यप्रणाली से नाराज होकर पार्टी से बगावत कर दी थी। उस दौरान सचिन पायलट अपने समर्थक विधायकों के साथ हरियाणा के गुड़गांव स्थित एक होटल में एक महीने तक ठहरे थे। उस वक्त मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांगेस आलाकमान से सचिन पायलट की बगावत की शिकायत कर पायलट को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व उप मुख्यमंत्री के पद से तथा उनके समर्थक रमेश मीणा व महाराजा विश्वेंद्र सिंह को कैबिनेट मंत्री के पद से बर्खास्त करवा दिया था। पायलट की बगावत से प्रदेश में कांग्रेस पार्टी भारी दबाव में आ गई थी। उस वक्त कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी से बात कर सचिन पायलट को फिर से कांग्रेस के साथ आने के लिए तैयार किया था। प्रियंका गांधी के आश्वासन पर सचिन पायलट ने अपनी बगावत समाप्त कर विधानसभा में कांग्रेस के विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया था। पायलट की बगावत को समाप्त करवाने के दौरान कांग्रेस आलाकमान ने अहमद पटेल, केसी वेणुगोपाल और अजय माकन की तीन सदस्यों की हाई पावर कमेटी का गठन किया था। कमेटी को पायलट की बातें सुनकर उसका समाधान करवाने व गहलोत व पायलट में सामंजस्य करवाने की जिम्मेदारी दी गई थी। उक्त कमेटी की मीटिंग होने से पहले ही कमेटी के सबसे वरिष्ठ सदस्य अहमद पटेल का कोरोना से निधन हो गया था। उसके बाद कमेटी के सदस्य केसी वेणुगोपाल व अजय माकन ने कोई बैठक नहीं की थी। सचिन पायलट की मांगों पर गौर करके उसका समाधान भी नहीं करवाया गया। इससे पायलट समर्थक विधायकों व अन्य वरिष्ठ नेताओं में नाराजगी व्याप्त हो रही थी। दूसरी तरफ कांग्रेस के युवा नेता व पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के भाजपा में जाने से कांग्रेस पर दबाव बढ़ गया। इधर पंजाब में भी कांग्रेस आलाकमान द्वारा नवजोत सिंह सिद्धू को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाने पर मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने वीटो कर रखा था। जिससे पंजाब कांग्रेस की लड़ाई भी खुलकर सड़कों पर आ गई थी। चूंकि पंजाब में अगले 6 महीनों में विधानसभा के चुनाव होने हैं। ऐसे में कांग्रेस आलाकमान ने सबसे पहले पंजाब समस्या का समाधान करवाते हुए कैप्टन अमरिंदर सिंह की मर्जी के खिलाफ नवजोत सिंह सिद्धू को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बना कर मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह को पार्टी आलाकमान की ताकत का एहसास करा दिया। पार्टी आलाकमान के



इशारे पर पंजाब के 80 में से 65 कांग्रेस विधायक नवजोत सिंह सिद्धू के समर्थन में आ गए थे। इससे मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह भारी दबाव में आ गए और अंततः अपनी कुर्सी बचाने के लिए उन्हें आलाकमान का फैसला मानते हुए सिद्धू को अध्यक्ष बनाने की रजामंदी देनी पड़ी थी।

पंजाब जैसे ही हालात राजस्थान में बने हुए हैं। यहां भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस के बहुत वरिष्ठ नेता हैं तथा तीसरी बार मुख्यमंत्री का कार्यभार संभाले हुए हैं। एक साल पहले सचिन पायलट की बगावत के दौरान मुख्यमंत्री गहलोत ने कांग्रेस आलाकमान को अपने तर्कों से पायलट के खिलाफ कर दिया था। मगर पायलट द्वारा पार्टी नहीं छोड़ने से सोनिया गांधी को पायलट की अहमियत व वफादारी का एहसास हो गया। इसीलिए उन्होंने सचिन पायलट को फिर से पार्टी की मुख्यधारा में लाने के लिए पहले उनसे मध्य प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में स्टार प्रचारक के तौर पर चुनाव प्रचार करवाया। फिर उनको असम विधानसभा चुनाव में स्टार प्रचारक बनाकर भेजा गया। कांग्रेस आलाकमान अब राजस्थान में गहलोत व पायलट के बीच चल रहे सत्ता के संघर्ष को पूरी तरह समाप्त करवाना चाहता है। इसीलिए कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अचानक ही पार्टी के सबसे प्रभावशाली संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल को गहलोत के नाम अपना संदेश देकर जयपुर भेजा था। गहलोत को भेजे संदेश में सोनिया गांधी ने साफ बता दिया कि गहलोत व पायलट के झगड़े से प्रदेश में पार्टी को बहुत नुकसान हो रहा है। कांग्रेस आलाकमान अब आगे और झगड़े को लंबा नहीं चलने देने के मूड में है। ऐसे में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पायलट समर्थकों को सरकार व संगठन में शामिल करना पड़ेगा। चर्चा है कि जयपुर आने से पहले केसी वेणुगोपाल व अजय माकन की सोनिया गांधी, राहुल गांधी व प्रियंका गांधी से राजस्थान को लेकर लंबी चर्चा हो चुकी है। कांग्रेस आलाकमान ने केसी वेणुगोपाल को पूरा ब्लूप्रिंट बता दिया है कि राजस्थान में गहलोत और पायलट के बीच सत्ता व संगठन का बंटवारा किस तरह से किया जाना है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पायलट के प्रति पूरी तरह खार खाए हुए बैठे थे। मगर कांग्रेस आलाकमान का रुख भांप कर अपने तेवर नरम कर लिए हैं। मुख्यमंत्री गहलोत ने पंजाब में सिद्धू की प्रदेश अध्यक्ष के रूप में ताजपोशी का भी स्वागत करते हुए ट्वीट किया था कि कांग्रेस आलाकमान का फैसला सभी को मानना चाहिए।

राजस्थान मंत्रिमंडल में अभी नौ स्थान रिक्त हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत वर्तमान में किसी मंत्री को पद से नहीं हटाना चाहते हैं। मगर कांग्रेस आलाकमान के पास कुछ मंत्रियों के खिलाफ गंभीर शिकायतें पहुंची हैं। ऐसे में चर्चा है कि 6-7 वर्तमान मंत्रियों को हटाकर करीबन 13-14 नए लोगों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा। जिनमें बसपा से कांग्रेस में आये राजेन्द्र सिंह गुढ़ा व एक दो निर्दलियों को भी मंत्री बनाया जायेगा। छत्तीसगढ़ की तर्ज पर राजस्थान में भी करीबन 20 से 25 विधायकों को संसदीय सचिव बनाने तथा दो दर्जन विधायकों को बोर्डों, निगमों व अन्य लाभ के पदों पर बैठाने की चर्चा है। हालांकि सचिन पायलट खुद मंत्री नहीं बनना चाहते हैं। वह अपने समर्थक 6-7 विधायकों को मंत्री बनवाना चाहते हैं। ऐसे में आने वाले कुछ ही दिनों में प्रदेश में मंत्रिमंडल का विस्तार व पुनर्गठन के साथ ही लाभ के पदों पर भी नियुक्तियां की जाएंगी। जिसका कांग्रेसी कार्यकर्ता पिछले ढाई साल से इंतजार कर रहे हैं। यदि राजस्थान में कांग्रेस की आपसी गुटबाजी को शीघ्र ही समाप्त नहीं करवाया गया तो आने वाले समय में पार्टी को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। वैसे भी 1998 के बाद से प्रदेश में एक बार कांग्रेस और एक बार भाजपा सरकार बनाती रही है। यदि कांग्रेस के नेता इसी तरह लड़ते रहे तो अगली बार कांग्रेस की लड़ाई का फायदा भाजपा उठा सकती है। इसलिए सभी कांग्रेसजनों को एकजुटता के साथ प्रदेश में भाजपा से मुकाबला करना होगा। तभी कांग्रेस लगातार दूसरी बार सरकार बना कर वर्षों से चली आ रही हर बार सरकार बदलने की परिपाटी को तोड़ सकती है।

## दमचोक इलाके में चीनी टैंटों का लगना भारत-चीन के बीच नया विवाद खड़ा कर सकता है

**सुरेश एस डुग्गर**

भारतीय सेना के सूत्र कहते हैं कि यह फॉरवर्ड बेस पैंगांग झील के किनारे एलएसी को पार कर भारतीय दावे वाले इलाके में बनाया गया है जबकि कुछ समाचार कहते थे कि यह एलएसी से मात्र दो किमी पीछे अक्साई चीन के इलाके में बनाया गया है। लगभग छह महीने पहले पीछे हटने के समझौते के बावजूद चीनी सेना ने पैंगांग झील के किनारे एक नया फारवर्ड बेस स्थापित कर वहां बड़े व भारी हथियारों का जमावड़ा किया है। हालांकि इस बेस के प्रति अलग अलग दावे हैं। यही नहीं ऐसे में जबकि देश करगिल विजय दिवस की 22वीं सालगिरह मना रहा है, लद्दाख के मोर्चे से बुरी खबर यह है कि कथित चीनी नागरिकों ने दमचोक इलाके में कई स्थानों पर टैंट गाड़ दिए हैं। भारत द्वारा उन्हें हटने की चेतावनी दिए जाने के बावजूद वे अभी भी वहीं टिके हुए हैं। सैन्य सूत्र कहते हैं कि यह फॉरवर्ड बेस पैंगांग झील के किनारे एलएसी को पार कर भारतीय दावे वाले इलाके में बनाया गया है जबकि कुछ समाचार कहते थे कि यह एलएसी से मात्र दो किमी पीछे अक्साई चीन के इलाके में बनाया गया है। जानकारी के लिए बता दें कि चीन ने 1962 के युद्ध में लद्दाख सेक्टर में जिस भारतीय इलाके पर कब्जा कर लिया था उसे अक्साई चीन कहा जाता है। इस फॉरवर्ड बेस के प्रति मिलने वाली जानकारियों के बकौल, वहां गोला-बारूद के अतिरिक्त बड़े हथियारों का भंडारण चीनी सेना द्वारा किया गया है। जबकि एक सूचना यह भी कहती है कि पीएलए वहां एक हवाई पट्टी का निर्माण भी कर रही है।

हालांकि भारतीय पक्ष इस फॉरवर्ड बेस को बड़ा खतरा नहीं मानता था जिसका कहना था कि यह भारतीय ठिकानों से काफी दूरी पर है जिस कारण यह खतरा साबित नहीं हो सकता। पर सैन्य सूत्र कहते थे कि इसे भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करने के इरादों से बेस के बतौर इस्तेमाल किया जा सकता है। जबकि इस बेस के प्रति एक कड़वी सच्चाई यह थी कि यह उस इलाके के बहुत ही करीब है जहां दोनों मुल्कों के बीच गश्त न करने का समझौता हुआ है। ऐसे में इसे खतरे के तौर पर न लेने की कवायद क्या रंग लाएगी यह तो समय ही बता पाएगा। लद्दाख के मोर्चे पर दोनों सेनाओं की वापसी की खातिर होने वाली 12वें दौर की वार्ता 26 जुलाई को होनी थी पर करगिल विजय दिवस समारोह के कारण भारतीय सेना के आग्रह पर अब इसे आगे खिसका दिया गया है। तब तक यही आशंका है कि दमचोक में टेंट गाड़ने वाले कथित चीनी नागरिक वहीं टिके रहेंगे। सेना सूत्रों के मुताबिक, कुछ दिन पहले ही बड़ी संख्या में चीनी नागरिकों ने दमचोक में 'घुसपैठ' की है। हालांकि चीनी सेना उनकी घुसपैठ को घुसपैठ नहीं मानती क्योंकि एलएसी पर दोनों मुल्कों के बीच जो 10 विवादाग्रस्त इलाके हैं दमचोक भी उनमें से एक है। 'अतः इन टेंटों को उखाड़ने की जब्री कार्रवाई नहीं की जा सकती, ऐसा एक सूत्र का कहना था। इतना जरूर था कि अधिकारी दावा करते थे कि टेंट गाड़ने वालों में चीनी खानाबदोशों के अतिरिक्त पीएलए के सैनिक नागरिकों के भेष में हैं। मिलने वाली जानकारी कहती है कि इस संबंध में हॉटलाइन पर दोनों मुल्कों के सेनाधिकारियों के बीच बात तो हुई है पर भारतीय सेना फिलहाल इस इलाके में इसलिए नहीं जा पा रही है क्योंकि विवादित क्षेत्रों में पिछले एक साल से भारतीय सेना की गश्त पर लगा 'प्रतिबंध' अभी भी जारी है। अनुमानतः दस के करीब ऐसे विवादित क्षेत्र पहले से ही थे और पिछले साल चीनी सेना द्वारा लद्दाख के मोर्चे पर कई किमी तक भारतीय इलाके में घुसपैठ कर लिए जाने के बाद ऐसे आधा दर्जन के करीब और इलाके विवादाग्रस्त घोषित कर दिए गए।

## देखिएगा, कहीं इस बुलबुले में फंस न जाएं आप

**सुरेश एस डुग्गर**

फूड डिलिवरी टेकन्लॉजी कंपनी जोमैटो ने इन दिनों शेयर बाजार में हंगामा मचा रखा है। एक हंगामेदार आईपीओ के बाद शेयर बाजार में लिस्टिंग पर उसके शेयर 65 फीसदी ऊपर खुले। जोमैटो के एक रुपये की कीमत के शेयर पहले तो आईपीओ के दौरान 76 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर 40 गुना ज्यादा सब्सक्राइब हुए और उसकी कीमत 125-133 रुपये के बीच चल रही है। इस तरह जोमैटो ने एक झटके में देश की कई बड़ी और जानी-मानी ब्रिक-मोर्टार कंपनियों को बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के मामले में पीछे छोड़ दिया और आज एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की कंपनी बन चुकी है। यह इस मामले में एक चमत्कार है कि जोमैटो खुद कुछ नहीं बनाती। यानी उसका अपना कोई रेस्तरां या किचन नहीं है। वह हम-आप जैसे शहरी उपभोक्ताओं को सिर्फ छोटे-बड़े और जाने-माने रेस्तरां से लजीज पकवानों को घर बैठे ऑर्डर करने और फिर उसे जल्दी से जल्दी आपके घर डिलिवर करने का प्लैटफॉर्म देती है। इसके बावजूद कंपनी की ऐसी 'सफलता' हैरान करती है क्योंकि सिर्फ कुछ सालों की उम्र वाली इस कंपनी को फूड ऑर्डर और डिलिवरी के इस कारोबार में अब तक कोई मुनाफा नहीं हुआ है। सच तो यह है कि कंपनी को वित्तीय वर्ष 17-18 से लेकर वित्तीय वर्ष 20-21 के पहले नौ महीने में अब तक 4,185 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हो चुका है। उसे कब तक मुनाफा होगा, यह भी कोई नहीं जानता। इस बारे में जोमैटो ने भी कुछ नहीं बताया है। उलटे कंपनी ने कहा कि आने वाले वर्षों में भी इसका घाटा बढ़ सकता है क्योंकि वह धंधे में और निवेश बढ़ाने जा रही है। इसके बावजूद कंपनी के शेयरों के लिए मारामारी मची है। कई विश्लेषकों को लगता है कि जोमैटो के शेयरों की ऐसी मारामारी और कुछ नहीं बल्कि बाजार और तेजड़ियों का 'अतार्किक उत्साह' है, जो इन दिनों दुनिया भर में टेकन्लॉजी कंपनियों की अतिरेकपूर्ण संभावनाओं का बाजा बजाने में लगे हुए हैं। असल में, यह महामारी के बाद अर्थव्यवस्था को संभालने के नाम पर विकसित और विकासशील देशों के केंद्रीय/रिजर्व बैंकों की अति उदार मौद्रिक नीति के तहत दोनों हाथों से झोंकी गई रकम (ईजी मनी) का नतीजा भी है। इस पैसे को कहीं और उत्पादक सेक्टर में निवेश करने के बजाय शेयर बाजार में लगाकर एक तरह की सट्टेबाजी हो रही है और पैसे से पैसा बनाया जा रहा है। ऐसा सिर्फ जोमैटो के शेयरों के साथ ही नहीं हो रहा है। पिछले कुछ महीनों में कई जानी-अनजानी कंपनियां आईपीओ लेकर आईं और प्राइमरी मार्केट और शेयर बाजार से भारी रकम उगाहने में कामयाब हुईं।

खुद भारतीय शेयर बाजार भी इन दिनों सुखियों में है। वह हर दिन-सप्ताह-महीने ऊंचाई पर चढ़ने के नए रेकॉर्ड बना रहा है। मुंबई शेयर बाजार का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 53000 अंकों तक पहुंच चुका है। याद रहे कि पिछले साल फरवरी में 41000 अंकों तक पहुंचने के बाद यह कोरोना महामारी और राष्ट्रीय लॉकडाउन के दौरान मार्च-अप्रैल में औंधे मुंह गिरकर 28000 अंकों से नीचे आ गया था। लेकिन उसके बाद जानकारों को हैरान करते हुए यह पिछले एक साल से ब्रेकनेक स्पीड से लगातार ऊपर चढ़ रहा है। पहले इस साल फरवरी में 50000 अंकों की मनोवैज्ञानिक रेखा पार करने के बाद चढ़ता हुआ अब 53000 अंकों के आसपास आ पहुंचा है। इस तरह 12-14 महीनों में शेयर बाजार ने 90 फीसदी से ज्यादा की छलांग लगाई है। यह तब हो रहा है जब वास्तविक अर्थव्यवस्था की हालत अच्छी नहीं है। महामारी के कारण बीते वर्ष (20-21) जीडीपी की वृद्धि दर नकारात्मक (-) 7.3 फीसदी रही। इस वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में कोरोना की दूसरी और ज्यादा घातक लहर के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर के अनुमान कम करने पड़े हैं।

शेयर बाजार में एक तरह का 'मैनिया' छाया हुआ है, जिसे खासकर विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और तेजड़ियों ने मिलकर बनाया है। बाजार की तेजी से ऐसा माहौल बन गया है, जैसे इस महामारी में भी शेयर बाजार में सोना बरस रहा है। नतीजा यह कि छोटे और खुदरा निवेशक भी दौड़े चले आ रहे हैं कि एक का दस बनाने की इस पार्टी में कहीं पीछे न छूट जाएं। पिछले कुछ वर्षों में एक आम ढर्रा बन गया है कि छोटे और खुदरा निवेशक शेयर बाजार में तब आते हैं, जब वह काफी चढ़ चुका हो। जब बुलबुला फूटता है तो वे घबराहट में नुकसान उठाकर भी निवेश से निकलने की कोशिश करते हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि चाहे जोमैटो के शेयरों की मौजूदा कीमत हो या संवेदी सूचकांक, यह बुलबुला है जिसे लेकर बाजार के गंभीर विश्लेषक और अर्थशास्त्री ही नहीं, खुद भारतीय रिजर्व बैंक तक चिंतित है। असल में, दुनिया के प्रमुख शेयर बाजारों में तेजड़ियों का इन दिनों दबदबा है और वहां भी बाजार आसमान छू रहे हैं। मुंबई शेयर बाजार भी इसका अपवाद नहीं है। इसके पीछे वे विदेशी संस्थागत निवेशक हैं, जिन्होंने वर्ष 20-21 में बाजार में शुद्ध 2.7 लाख करोड़ का निवेश किया है और वे अभी भी पैसा लगा रहे हैं। दूसरे, वे छोटे निवेशक हैं जो बैंकों में एफडी और निवेश के दूसरे सुरक्षित माध्यमों में अत्यधिक कम रिटर्न के कारण शेयर बाजार में निवेश के लिए मजबूर हो गए हैं। पिछले साल (20-21) में 1.43 करोड़ नए डीमैट एकाउंट खुले हैं, जबकि वर्ष 19-20 में सिर्फ 50 लाख एकाउंट खुले थे। लेकिन जैसे न्यूटन का गुरुत्वाकर्षण का सिद्धांत कहता है कि जो चीज ऊपर जाती है, वह नीचे भी आती है, ठीक उसी तरह शेयर बाजार का भी नियम है कि जो 'अतार्किक उत्साह' के साथ उछलता हुआ आसमान में पहुंच जाता है, वह फिर जमीन पर भी आता है। ऐसा कई बार हो चुका है। दो दशक पहले डॉटकाम और 2008-09 के वैश्विक वित्तीय संकट के वक्त फूटे बुलबुले को कौन भूला है देखना यह है कि यह बुलबुला खुद फूटेगा या अमेरिका और भारत समेत कई देशों में बढ़ती महंगाई दर से चिंतित केंद्रीय बैंकों की 'ईजी मनी' की नीति के रोलबैक और ब्याज दरों में वृद्धि के बाद फूटेगा।

## पेट्रोल और डीजल पर लगे टैक्स से प्राप्त राजस्व कहां जाते हैं

**राकेश चौधरी**

दस घंटों से भी अधिक खटने के बाद भी आधे से भी कम वेतन पर, जो रोजगार में लगे हुए हैं, क्योंकि बेरोजगारी आज भी आसमान ही छू रही है, ऐसी जनता आज प्रत्येक लीटर तेल के लिये सौ रुपए खर्च कर रही है। कर देनेवाली जनता, जिसकी इतनी भी आय नहीं है आज कि वह कम से कम अपने पूरे परिवार की भूख ही मिटा सके, आज यह जवाब मांगने का अधिकार रखती है। कुछ विशेष तबकों को छोड़ आज सभी आर्थिक स्तरों पर जीवन बिताने वाली जनता, पेट्रोल और डीजल की कीमतों के बढ़ने से अकल्पनीय अभाव और आर्थिक कष्ट के दौर से गुजर रही है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सूत्रों के अनुसार उपभोक्ता सूचकांकों के आधार पर मुद्रास्फीति दर में पचास प्रतिशत तक की वृद्धि बुनियादी तौर पर होती है प्रत्येक पेट्रोल डीजल की प्रत्येक ईकाई मूल्य वृद्धि के साथ। एसबीआई के ही सूत्रों से जीवन स्तर के घटने और बुनियादी जरूरतों में कटौती का मूल कारण हर बार ईंधन की कीमत में वृद्धि होती है। गैर बुनियादी जरूरतें तो नहीं ही पूरी की जाती हैं बुनियादी जरूरतों को भी पूरा करना मुश्किल हो जाता है। ईंधन की दर में आसमान छूने वाली बढ़ोतरी ने जीना मुश्किल ही नहीं, असंभव भी बना दिया है। अनिवार्य रूप से आवश्यक व्यय, जिसमें बुनियादी जरूरतें भी आती हैं, में भी अब यह कटौती बढ़ती जा रही है, क्योंकि ईंधन की कीमतों में जून तक 75 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो चुकी थी, जबकि यह मार्च, 2021 में 62 प्रतिशत तक थी। आज लोगों के लिये अपने प्रियजनों समेत जिंदगी जीना असंभव ही होता जा रहा है, घर का बजट किसी भी कटौती से पूरा नहीं पड़ता, ऊपर से आज कोविड-19 की मृत्यु छाया में मेडिकल का खर्च भी जुड़ गया है। पूरा देश पैनडेमिक की चोट से मृतप्राय हो चुका है। भीषण अभाव और गर्मी की आग में जलती जनता चरम बर्बादी की कगार पर खड़ी है। मानसिक संतुलन बनाए रखना कठिन हो गया है क्योंकि आम जीवन की गुत्थियां जितनी बढ़ रही हैं, उतनी ही कठिन होती जा रही है, उन्हें समझ पाना मुश्किल ही होता जा रहा है। आर्थिक और सामाजिक जीवन में असहनीय परिवर्तनों को समझ नहीं पाने के कारण जनता में असहिष्णुता भी बढ़ती जा रही है।

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि से जो बढ़ा हुआ राजस्व सरकार को मिलता है, उसे व्यय करने के प्रशन पर केंद्र का उत्तर था कि यह सारी आय बुनियादी संरचना और विकासशील योजनाओं पर खर्च की जाएगी। मार्च के लोकसभा सत्र में यह जानकारी दी गई थी कि पेट्रोल और डीजल के एक्साइज ड्यूटी से 2014-15 में 72,500 करोड़ रुपए तक की राशि केंद्र को मिली थी। यह 2020-21 में 300 प्रतिशत बढ़ गई, अर्थात अब यह 300 लाख करोड़ तक पहुंच चुकी है। यही नहीं, इस आर्थिक वर्ष में, तेल का राजस्व भी बढ़ चुका है, जो इससे भी अधिक है पेट्रोल और डीजल पर लगे टैक्स से जहां 300 प्रतिशत वृद्धि हुई है, वहीं 2014-15 से आज तक सरकार द्वारा पूंजी निवेश में वृद्धि दस प्रतिशत से भी कम रही है। यह परिस्थिति मोदी सरकार के आने के बाद के वर्षों मे ही हुई है। पैनडेमिक की पहली दो लहरों में ही जनता मृतप्राय हो चुकी है, आर्थिक विकास शून्य में चला गया है। अब तीसरी लहर भयानक अनुभवों का खजाना लिये सामने खड़ी है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी रुकने की कोई संभावना नहीं है। सरकार इस बढ़ोतरी के लिये औचित्य को साबित करने के लिये युक्तियों की सूची बनाना शुरू कर चुकी है, और इसमें फिर से बुनियादी संरचना और विकास को प्राथमिकता दी गई है। इस सबके बीच सूत्रों के अनुसार जो हकीकत सामने आ रही है उसमें अप्रैल-जून की तिमाही में बुनियादी संरचना और विकास पर होने वाले खर्च में चालीस प्रतिशत की कटौती ही हुई है। यह जनवरी-मार्च की तिमाही से अधिक है, और इसमें बढ़ोतरी की संभावना है। यह सारी कमियां तब आई हैं जब देश में लॉकडाउन भी नहीं था। आश्चर्य है कि इस सबके बावजूद केंद्र यह दावा करता रहा कि विकास का काम निर्बाध चलता रहा है, जिसमें सेन्ट्रल विस्टा भी शामिल है। यह सारे अन्तर्विरोध आज सार्वजनिक रूप से स्पष्ट हो चुके हें। सत्य और मिथ्या के बीच की खाई कम होती जा रही है। बुनियादी संरचना पर इतना ढिंढोरा पीटने के बावजूद इस पर खर्च में भीषण कटौती की गई है। यह सारी कटौतियां तब हो रही हैं तब तेल के राजस्व में भारी वृद्धि हुई है। सरकार को इस पर श्वेतपत्र जारी करना पड़ेगा कि 300 प्रतिशत से भी अधिक ईंधन टैक्स राजस्व में वृद्धि को बुनियादी संरचना और जनता के हितों के लिए कैसे खर्च किया गया।दस घंटों से भी अधिक खटने के बाद भी आधे से भी कम वेतन पर, जो रोजगार में लगे हुए हैं, क्योंकि बेरोजगारी आज भी आसमान ही छू रही है, ऐसी जनता आज प्रत्येक लीटर तेल के लिये सौ रुपए खर्च कर रही है। कर देनेवाली जनता, जिसकी इतनी भी आय नहीं है आज कि वह कम से कम अपने पूरे परिवार की भूख ही मिटा सके, आज यह जवाब मांगने का अधिकार रखती है कि 2020-21 में तेल पर लगे टैक्स को जमा करने के बाद सरकार आज किस मद में खर्च करने वाली है। इस 3.5 लाख करोड़ की राशि, जो कम नहीं है, उसके खर्च का हिसाब देश को आज चाहिए। इस आर्थिक वर्ष का अंत आते तक यह सारा ब्यौरा जनता तक आना ही चाहिये। यहां यह भी स्पष्ट हो जाना चाहिये कि पेट्रोल और डीजल पर लिये गए टैक्स में केंद्र ने 65 प्रतिशत तक विशेष शुल्क लिया है जो राज्यों को प्राप्य है, इस सारी राशि को केंद्र ने किसी भी राज्य के साथ साझा नहीं किया है।

## तोक्यो ओलिंपिकः फुल लेंथ बॉडी सूट में क्यों दिखी जर्मन जिमनास्ट

**मोनिका शर्मा**

खेल हों या आम जिंदगी, अपनी मर्जी और सहूलियत के हिसाब से कपड़े पहनना महिलाओं की समानता और सहजता से जुड़ा अहम पहलू है। हाल ही में तोक्यो ओलिंपिक के प्रशिक्षण सत्र में जर्मन महिला जिमनास्ट टीम ने फुल-लेंथ बॉडी सूट पहना और कहा कि वह प्रतियोगिता में भी यही ड्रेस पहनने का फैसला कर सकती हैं। जर्मन टीम का मकसद यह दिखाना था कि बिकीनी पहननी है या फुल बॉडी सूट, चुनाव हमारा होगा। इसी टीम की सदस्य जिमनास्ट सारा वॉस कहती हैं, 'हम दिखाना चाहते है कि हर महिला, हर इंसान को खुद यह तय करना चाहिए कि क्या पहनना है। हम एक आदर्श बनना चाहते हैं ताकि हर किसी में हमारे पीछे आने का साहस हो। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हर कोई सहज महसूस करे। सभी जो चाहें पहन सकते हैं और अद्भुत दिख सकते हैं, अद्भुत महसूस कर सकते हैं।' टीम की सदस्यों ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों की एक सीरीज भी शेयर की, जिसमें वे टखनों तक पहुंचने वाले चमकीले गुलाबी और काले रंग के बॉडी सूट पहने हुए थीं। दरअसल, खेल का मैदान हो या घर का आंगन, औरतों के पहनावे को लेकर बहस जारी है। तयशुदा सोच के चलते इस पर तर्क-कुतर्क होते रहते हैं। इसी के चलते आज भी पहनावे से जुड़े नियम महिलाओं को कई क्षेत्रों का हिस्सा बनने तक से रोक देते हैं। काबिलियत और रुचि के बावजूद जब ऐसी चीजें किसी खास फील्ड में दस्तक देने में बाधा बनती हैं तो वह बंधन लगने लगते हैं। ऐसा सिर्फ हमारे देश में ही नहीं, दुनियाभर में हो रहा है। सब जगह ड्रेस कोड से जुड़ी असहजता औरतों के कदम ही पीछे नहीं खींचती, बल्कि जीवन जीने की उनकी सहूलियत में भी खलल डालती है। गेम्स के वक्त तो सबसे ज्यादा सहजता की दरकार होती है, लेकिन यह भी सच है कि खेलों की दुनिया में महिलाओं के स्पोर्ट्स वियर को लेकर कई बेवजह के नियम आज भी मौजूद हैं। बीते दिनों नॉर्वे की बीच हैंडबॉल टीम पर यूरोपीय हैंडबॉल फेडरेशन ने मैच में बिकीनी बॉटम्स की जगह शॉर्ट्स पहनने को लेकर जुर्माना लगाया था। फेडरेशन ने इसका कारण यूनिफॉर्म के नियम को तोड़ना बताया था। नॉर्वे में आम जन से लेकर खेल मंत्री तक ने फेडरेशन द्वारा जुर्माना लगाए जाने को लेकर विरोध जताया। इस विषय पर खूब विमर्श हुआ कि खेल के मैदान में महिला खिलाड़ी असुविधाजनक पहनावे के बजाय सहजता और सहूलियत के मुताबिक ड्रेस क्यों नहीं पहन सकती क्यों कई खेलों के ड्रेस कोड के साथ सेक्सिस्ट सोच जुड़ी है यह भी एक तरह का लैंगिक भेदभाव ही है, जो महिला खिलाड़ियों के लिए असुविधा का कारण बनता है।

# महिला हॉकी के निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद, टोक्यो में आज का दिन रहा देश की बेटियों के नाम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टोक्यो ओलंपिक में बुधवार का दिन भारत की लड़कियों के नाम रहा। उम्मीद के मुताबिक बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और तीरंदाज दीपिका कुमारी अगले दौर में पहुंच गई तो मुक्केबाजी में पूजा रानी ने विजयी पंच लगाया। हालांकि हार की हैट्रिक के बाद महिला हॉकी टीम की क्वार्टर फाइनल की राह काफी मुश्किल हो गई है। पहले दिन मीराबाई चानू के रजत पदक के बाद भारत का पदक का इंतजार अभी भी खत्म नहीं हुआ है।

अभी तक तीरंदाज दीपिका कुमारी और बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने अपने शानदार खेल की बदौलत भारतीय उम्मीदों को जिंदा रखा है। तीरंदाजी में दीपिका के तीर निशाने पर लगे लेकिन पुरुष वर्ग में तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव बाहर हो गए। वहीं बैडमिंटन में रियो ओलंपिक की रजत पदक विजेता सिंधू जीतीं लेकिन बी साइ प्रणीत हार गए। नौकायन में अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह, पदक की दौड़ से बाहर हो गए हैं। बैडमिंटन में विश्व चैंपियन सिंधु ने ग्रुप जे में हांगकांग की एनवाई चियुंग को हराकर महिला एकल स्पर्धा के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने दुनिया की 34वें नंबर की खिलाड़ी चियुंग को 35 मिनट चले मुकाबले में 21-9 21-16 से हराकर ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। सिंधु की चियुंग के खिलाफ छह मुकाबलों में यह छठी जीत है। सिंधु ने मैच के बाद कहा, 'दूसरे गेम में मैंने लय हासिल की और फिर जीत दर्ज की। यह काफी तेज



मुकाबला था और मैंने कुछ गलतियां भी की। मैंने अपनी रणनीति में बदलाव किया और चीजों पर नियंत्रण करने में सफल रही। बड़े मुकाबले से पहले इस तरह की परीक्षा महत्वपूर्ण होती है।' दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधु प्री क्वार्टर फाइनल में ग्रुप आई में शीर्ष पर रहने वाली डेनमार्क की दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी मिया ब्लिचफेल्ट से भिड़ेंगी। पुरुष वर्ग में भारत के 13वें वरीय प्रणीत अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखा पाए और नीदरलैंड के मार्क कालजोव से 40 मिनट तक चले मैच में सीधे गेम में 14-21, 14-21 से हार गए। यह उनकी ग्रुप डी में दूसरी हार थी।

तीरंदाजी में दीपिका ने व्यक्तिगत स्पर्धा के तीसरे दौर में जगह बनायी लेकिन तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव दूसरे दौर से आगे बढ़ने में नाकाम रहे। महिला रिकर्व व्यक्तिगत वर्ग के पहले दौर में भूटान की कर्मा को 6-0 से हराया लेकिन 24वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी जेनिफर मुसिनो फर्नाडिस से उन्हें कड़ी चुनौती मिली। दीपिका ने यह मैच 6-4 से जीता। दीपिका का यह ओलंपिक खेलों में व्यक्तिगत वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पुरुष वर्ग में तरुणदीप और जाधव दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए। तरुणदीप को अपने से कम रैंकिंग के इजराइली खिलाड़ी इताय शैनी से शूट ऑफ में 5-6 से हार का सामना करना पड़ा जबकि जाधव अमेरिका के विश्व में नंबर एक ब्राडी एलिसन से 0-6 से हार गए। भारतीय मुक्केबाज पूजा रानी (75 किग्रा) ने शुरूआती मुकाबले में अल्जीरिया की इचरक चाएब को 5-0 से पराजित कर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। तीस साल की भारतीय ने पूरे मुकाबले के दौरान अपने से 10 साल जूनियर प्रतिद्वंद्वी पर दबदबा बनाए रखा। हॉकी में भारतीय महिला टीम का निराशाजनक प्रदर्शन लगातार जारी है। हॉकी में भारत की महिला टीम को दूसरे हाफ में बेहतर प्रदर्शन के बावजूद धीमी शुरुआत का खामियाजा ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ 1-4 की हार के साथ भुगतना पड़ा।



## बॉक्सर पूजा रानी क्वार्टर फाइनल में पहुंची, मेडल से बस एक कदम दूर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय मुक्केबाज पूजा रानी (75 किग्रा) ने बुधवार को ओलंपिक खेलों में डेब्यू करते हुए शुरुआती मुकाबले में अल्जीरिया की इचरक चाएब को 5-0 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। तीस साल की भारतीय ने पूरे मुकाबले के दौरान अपने से 10 साल जूनियर प्रतिद्वंद्वी पर दबदबा बनाए रखा। दो बार की एशियाई चैंपियन दाहिने हाथ के सीधे दमदार मुक्कों से नियंत्रण बनाये हुए थीं और उन्हें चाएब के रिंग में संतुलन की कमी का भी काफी फायदा मिला।

तीनों राउंड में रानी का दबदबा रहा जबकि चाएब भी अपना पहला ओलंपिक खेल रही थीं लेकिन वह मुक्के सही जगह नहीं जड़ पा रही थीं। रानी ने विपक्षी से दूरी बनाकर चतुराई भरा प्रदर्शन किया। रानी ने पूरी बाउट के दौरान जवाबी हमले किए जबकि चाएब भी दमदार मुक्के लगाने का प्रयास कर रही थीं लेकिन वे अपने लक्ष्य से चूकते रही। रानी का ओलंपिक का सफर काफी मुश्किलों से भरा रहा है। वह कंधे की चोट से जूझती रहीं जिससे उनका करियर खत्म होने का भी डर बना हुआ था, उनका हाथ भी जल गया था। वित्तीय सहयोग की कमी के बावजूद वह यहां तक पहुंची हैं।उनके पिता पुलिस अधिकारी हैं जो उन्हें इस खेल में नहीं आने देना चाहते थे क्योंकि उन्हें लगता था कि मुक्केबाजी आक्रामक लोगों के लिए ही है। उन्होंने पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहा था, 'मार लग जायेगी। मेरे पिता ने यही कहा था। उन्होंने कहा था कि यह खेल मेरे लिए नहीं है क्योंकि उन्हें लगता था कि मुक्केबाजी केवल आक्रामक (गुस्सैल) लोग ही करते हैं।

## ब्रिटेन के तैराकों ने रिले इवेंट में रचा इतिहास, यूएस टीम के हाथ लगी मायूसी

**टोक्यो (एजेंसी)।** एक शताब्दी से भी अधिक समय में ब्रिटेन ने बुधवार को टोक्यो ओलंपिक की तैराकी इवेंट में रिले स्पर्धा का गोल्ड जीता, जबकि अमेरिकी टीम पोडियम पर भी जगह नहीं बना पाई। ब्रिटेन ने दबदबा बनाते हुए मेंस चार गुणा 200 मीटर फ्रीस्टाइल में जीत दर्ज की। टीम में 200 मीटर फ्रीस्टाइल के गोल्ड मेडल विजेता टॉम डीन, 200 मीटर के सिल्वर मेडल विजेता डंकन स्कॉट, तीन बार के ओलंपिक पदक विजेता जेम्स गाय और 18 साल के मैथ्यू रिचर्ड्स शामिल थे।

ब्रिटेन की टीम ने छह मिनट



58.58 सेकेंड से खिताब जीता, लेकिन मामूली अंतर से वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने से चूक गई। अमेरिका ने रोम में 2009 में विश्व चैंपियनशिप में छह मिनट 58.55 सेकेंड का समय लिया था। अमेरिका टीम तैराकी के अपने गौरवपूर्ण इतिहास में रिले में हिस्सा लेते हुए पहली बार पदक जीतने में विफल रही। कीरन स्मिथ, ड्रयू किबलर, जैक ऐपल और टाउनले हास की अमेरिकी जोड़ी ने सात मिनट 3.24 सेकेंड का समय लिया और क्रमशः सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली रूस और ऑस्ट्रेलिया की टीम से भी पीछे रही। इस नतीजे से अमेरिका के महान तैराक माइकल फेल्प्स काफी नाराज दिखे जो अपने करियर के दौरान खिताब जीतने वाली कई रिले टीमों का हिस्सा रहे और टोक्यो एक्वाटिक्स सेंटर में टेलीविजन कमेंटेटर के रूप में मौजूद हैं।

## सातवें दिन ऐसा है भारत का शेड्यूल, पीवी सिंधु-एमसी मैरीकॉम से उम्मीदें

**टोक्यो (एजेंसी)।** भारत का टोक्यो ओलंपिक में प्रदर्शन अब तक बहुत खास नहीं रहा है। ओलंपिक शुरू होने के बाद दूसरे दिन वेटलिफ्टिंग में मीराबाई चानू के सिल्वर मेडल जीतने के बाद भारत के हाथ अब तक कोई पदक नहीं लगा है।

बुधवार को भारतीय महिला मुक्केबाज पूजा कुमारी 75 किग्रा वर्ग में और तीरंदाजी में दीपिका कुमारी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। इन दोनों से भारत को मेडल की उम्मीद है। इसके अलावा महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने भारतीयों को निराश नहीं किया।



सिंधु ने हांगकांग की चीयूंग नगन यी को 21-9, 21-16 से मात देकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। हॉकी में भारतीय महिला टीम को अपने पूल ए मैच में ग्रेट ब्रिटेन से 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। आइए नजर डालते हैं कि टोक्यो ओलंपिक के सातवें दिन यानी गुरुवार को भारत का कार्यक्रम किस प्रकार रहेगा।

# सरकार की ज्यादती से परेशान मनरेगा संवर्ग लेगा न्यायालय की शरण

## अपने अधिकारों के लिए आंदोलन की राह पर है मनरेगा कर्मी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** बारह वर्षों की तानाशाही रवैए व सरकार की अनदेखी के चलते उनका भविष्य अधर में लटका हुआ है। सरकार द्वारा मनरेगा के तहत पंचायत सहायकों की नियुक्ति करने व कार्मिकों को सेवा प्रदाता के हाथों सौंपे जाने के विरोध में बुधवार को मनरेगा संवर्ग के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, एकाउंटेंट,तकनीकी सहायक व रोजगार सेवक संघ के पदाधिकारियों ने चन्द्रशेखर आजाद पार्क में बैठक कर आगे की रणनीति बनाई।ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन प्रयागराज के जिलाध्यक्ष अरुण यादव ने उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरों को रोजगार देकर उनके लिए दो? वक्त की रोटी का इंतजाम करने वाला मनरेगा संवर्ग आज खुद को ठगा हुआ



महसूस कर रहा है। सरकार अब तक हमारे द्वारा अल्प मानदेय में दी गई सेवाओं को दरकिनार कर पंचायत सहायकों की नियुक्ति करने पर तुली है जो कि हमारे साथ अन्याय है।जिसे हम मनरेगा संवर्ग कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। महासंघ के संरक्षक आशुतोष द्विवेदी ने कहा की मनरेगा संवर्ग अपने भविष्य को अंधकारमय होने से बचाने के लिए सरकार से दो दो हाथ करने के साथ ही न्यायालय की भी शरण लेगा। वहीं मंडल अध्यक्ष विजय चन्द्र विश्वकर्मा ने सरकार द्वारा 58189 पदों पर की जाने वाली भर्ती को चुनावी स्टंट बताया और कहा कि अरसे से अपने उज्जवल भविष्य के लिए संघर्षरत रोजगार सेवकों को सरकार समय से मानदेय भी नहीं दे पाती। ऐसे में सरकार द्वारा संविदा पर पंचायत सहायकों की भर्ती करना उनके भविष्य से खिलवाड़ करना है। उत्तर प्रदेश मनरेगा कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष अनिल यादव ने सभी मनरेगा संवर्ग का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। मौके पर जिला मीडिया प्रभारी हरिओम प्रकाश ,ब्लॉक अध्यक्ष होलागढ़ राजीव यादव, ब्लॉक अध्यक्ष बहादुरपुर पंकज सिंह पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष करछना महेंद्र कुमार यादव के साथ ही तकनीकी सहायक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी व संरक्षक आशुतोष द्विवेदी जी व महासंघ के जिला मीडिया प्रभारी नागेंद्र सिंह सहित दर्जनों मनरेगा साथी मौजूद रहे।

# 'कमजोर' भारत के खिलाफ रोमांचक मैच में जीता श्रीलंका, सीरीज में की बराबरी

**कोलंबो (एजेंसी)।** अपने प्रमुख खिलाडि़यों के बिना सिर्फ पांच स्पेशलिस्ट बल्लेबाज लेकर उतरी भारतीय क्रिकेट टीम पर दूसरे टी-20 मैच में चार विकेट से रोमांचक जीत दर्ज करके श्रीलंका ने बुधवार को तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली।

ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के क्वारंटाइन प्रोटोकॉल के कारण भारत के नौ खिलाड़ी चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। भारत ने छह स्पेशलिस्ट गेंदबाजों को उतारा, जिनमें तेज गेंदबाज नवदीप सैनी भी शामिल थे, जिनसे एक भी ओवर नहीं कराया गया। भारतीय टीम में आईपीएल सितारों रुतुराज गायकवाड़, देवदत्त पडिक्कल, नीतिश राणा और चेतन सकारिया को जगह दी गई। भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर कठिन पिच पर श्रीलंकाई स्पिनरों का सामना करते हुए पांच विकेट पर 132 रन बनाए। जवाब में आखिरी ओवर तक रोमांचक रहे मैच में श्रीलंका ने दो गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। श्रीलंका के लिए धनंजय डिसिल्वा ने 34 गेंद में नाबाद 40 रन बनाए, जबकि मिनोद भानुका ने 31 गेंद में 36 रन की पारी खेली। भारत के लिए कुलदीप यादव ने दो विकेट लिए। उप-कप्तान भुवनेश्वर कुमार ने अपने आखिरी ओवर में 12 रन दे डाले, जिससे श्रीलंका के सामने आखिरी ओवर में सिर्फ आठ रन बनाने का लक्ष्य रह गया।

अपना पहला मैच खेल रहे सकारिया के लिए उसे रोक पाना मुश्किल था। प्रेमदासा



स्टेडियम की कठिन पिच पर भारतीय बल्लेबाजों को कितनी कठिनाई हो रही थी, उसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि 20 ओवरों में सिर्फ सात चौके और एक छक्का लगा, जबकि 42 डॉट गेंदे डाली गईं। कप्तान शिखर धवन ने संभलकर खेलते हुए 42 गेंद में 40 रन बनाए। भारी बारिश के कारण धीमी हुई आउटफील्ड पर रन बनाना मुश्किल हो रहा था, लेकिन पडिक्कल ने 23 गेंद में 29 रन बनाए।

### बाउंड्री लाइन के पास राहुल चाहर ने लिया जबरदस्त कैच, हर कोई रह गया दंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में भारत और श्रीलंका के बीच टी-20 सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 132 रन बनाए। टीम के लिए कप्तान शिखर धवन ने 40 रनों की पारी खेली। भारत से मिले 133 रनों के लक्ष्य के जवाब में श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और सलामी बल्लेबाज अविष्का फर्नांडो मात्र 11 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उन्होंने तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर राहुल चाहर को कैच थमाया। यह कैच इतना लाजवाब था कि जिसने भी देखा, वह राहुल की तारीफ करने से खुद को रोक नहीं सका। इस दौरान फर्नांडो ने भुवनेश्वर की गेंद को स्क्वायर लेग की तरफ खेला। फर्नांडो यहां एक बड़ा शॉट लगाने की फिराक में थे, लेकिन गेंद ऊंचाई पर चली गई।

# शंकरगढ़ में एक ही रात में चोरी की चार घटनाओं से दहशत

## बेखौफ चोरों ने आठ लाख के जेवरात समेत नगदी उड़ाई

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़/प्रयागराज।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के बावजूद आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। यमुनापार में हुई 4 हत्याओं के दूसरे दिन ही बेखौफ चोरों ने शंकरगढ़ क्षेत्र में लाखों का माल पार कर दिया। चोरी की तीन घटनाएं मकान में और एक प्राथमिक विद्यालय में हुई है, सभी मामलों की शिकायत पुलिस से की गई है। चोरी की सबसे बड़ी घटना शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम आमगोंदर की है। राममोहन सिंह पुत्र स्वर्गीय मथुरा सिंह पेशे से ठेकेदार हैं और ट्रक चलवाते हैं। बीती रात वह किसी कार्य के सिलसिले में बाहर गए थे जब घर लौट कर आए तो रात के दूसरे पहर तकरीबन 3 बज चुके थे और सो गए।सुबह जब नींद खुली तो कमरे का सारा सामान अस्त व्यस्त था, माजरा समझ में आते ही पूरे घर को छान मारा।फिर पता चला कि बेखौफ चोरों ने उनके घर के एक कमरे से लाखों रुपए नगदी समेत कीमती सोने चांदी के ज़ेवरात और तीन बक्सा उठा ले



गए।भुक्तभोगी ने चोरी की सूचना पुलिस को दी। भुक्तभोगी के अनुसार चोरों ने करीब करीब ढाई लाख रुपए नगदी समेत आठ लाख रुपये के जेवरात उठा ले गए।दो बक्सा घर से कुछ दूरी पर खाली पड़ा हुआ मिला,जबकि एक बॉक्स उठा ले गए।

इसी तरह इनके घर के पीछे रहने वाले धनंजय मिश्रा के मकान का ताला तोड़ बर्तन और कपड़ा उठा ले गए। इसी तरह विनोद कुमार सिंह पुत्र जगजीवन सिंह जनवा और सुभाष पुत्र हनुमान के यहां भी ताला तोड़े गए लेकिन कोई सामान नहीं ले जा पाये।इस दौरान पुलिस को छानबीन में एक जिंदा कारतूस भी मिला है।

### ट्रक की टक्कर से घायल महिल की रास्ते में मौत

**प्रयागराज।** पूरामुफ्ती थाना से चंद कदम की दूरी पर पीछे से आ रही ट्रक एक वृद्ध महिला को टक्कर मार कर ट्रक चालक दुर्घटनास्थल पर ट्रक छोड़ कर फरार हो गया। सूचना प्राप्त होने के बाद घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस पहुंचकर ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया लेकिन पुरामुफ्ती पुलिस के पहुंचने से पहले ही विधायक संजय गुप्ता के गार्ड आशीष उपाध्याय एक निजी साधन से दुर्घटनाग्रस्त महिला को इलाज के लिए ले जा रहे थे कि रास्ते में उक्त वृद्ध महिला की मौत हो गई।पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के गोहमलवा गांव निवासी कलावती उम्र लगभग साठ वर्ष पतनी स्व मूलचंद किसी काम के लिए प्रयागराज की तरफ से पद यात्रा करते हुए घर की तरफ आ रही थी लेकिन पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के गुरु द्वारा के समीप पहुंचते ही प्रयागराज की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही ट्रक वृद्ध महिला को टक्कर मार दिया और मौका पाकर ट्रक चालक ट्रक छोड़कर घटनास्थल से भाग गया।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रयागराज को सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ वित्तविहीन गुट प्रयागराज मण्डल ने प्रदेश कार्य समिति के प्रदेश व्यापी धरने के दौरान छः सूत्रीय मांग पत्र संयुक्त शिक्षा निदेशक (जे. डी.), प्रयागराज मण्डल सह जिला विद्यालय निरीक्षक श्री बी.एस.यादव को सौपा। धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री ननकेश बाबू ने सरकार को चेतावनी दिया कि वित्तविहीन विद्यालय के प्रति सौतेला व्यवहार बन्द करे। तथा उनके व परिवार के हित में तत्काल सम्मान जनक मानदेय व सेवा नियमावली बनाये। मण्डल अध्यक्ष अभयराज सिंह कहा कि सरकार अपने दृढ़वादी रवैये को नही त्यागती तो शिक्षक सड़कों पर उतरेंगे। जिलाध्यक्ष कौशाम्बी श्री निवास यादव ने कहा कि शिक्षकों की अनदेखी आगामी विधानसभा चुनाव में सरकार भुगतने के लिए तैयार रहे। जिलाध्यक्ष फतेहपुर मुकेश श्रीवास्तव ने सरकार की



कथनी व करनी में अन्तर बताया। मण्डल प्रभारी भूतिय्या जी ने संगठन की मजबूती पर विशेष बल दिया। प्रतिनिधि मण्डल में जिलाध्यक्ष प्रयागराज श्री ननकेश बाबू, मण्डल अध्यक्ष अभयराज सिंह, मण्डल प्रभारी गोविन्द प्रसाद भुतिय्या, जिलाध्यक्ष कौशाम्बी श्री निवास यादव, जिलाध्यक्ष फतेहपुर मुकेश श्रीवास्तव, फूलचंद कननैजिया, सीतासरण सिंह, बुधराम यादव, अमर बहादुर सिंह, जे पी यादव, मानसिंह पटेल, वीरेंद्र कुशवाहा, इंद्र बहादुर सिंह, शिवमूरत पटेल, अमरचंद गुप्ता, शिवमोहन सिंह, विजय सिंह पटेल, अवधेश श्रीवास्तव, कमलचंद यादव, जवाहर लाल पटेल, महेंद्र द्विवेदी, तेज प्रकाश, वीरेंद्र राज, रामजी यादव आदि सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।प्रमुख मांगो में वित्तविहीन शिक्षकों को सम्मानजनक मानदेय एवम् उनकी सेवा नियमावली तथा असंगत धारा 7क (क) को सुसंगत धारा 7(4) में परिवर्तित किया जाय। कोरोना काल में मृत शिक्षकों के आश्रितों को 50 लाख रुपए का मुआवजा तथा आश्रित नौकरी दिया जाय। अप्रैल 2005 से बंद पुरानी पेंशन योजना बहाल किया जाय तथा विद्याथियों एवम् विद्यालय के हित में कक्षा 01 से लेकर 12 तक के विद्यालयों की कक्षाएं तत्काल प्रारम्भ की जाय।

# कोरोना मैनेजमेंट के लिए 4 लाख कार्यकर्ता तैयार करेगी भाजपा, 2 लाख गांवों तक करेंगे संपर्क, पहुंचाएंगे मदद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोरोना वायरस संक्रमण की दूसरी लहर के दौरान आलोचना का शिकार होने वाली मोदी सरकार और बीजेपी ने अब लोगों तक पहुंचने का बड़ा प्लान तैयार किया है। पार्टी ने आने वाले दिनों में 4 लाख कोरोना वॉरियर तैयार करने का फैसला लिया है, जो देश के 2 लाख गांवों तक जाएंगे और जरूरतमंद लोगों की मदद करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को दिल्ली में राष्ट्रीय स्वास्थ्य स्वयंसेवक अभियान की शुरुआत की। इस अभियान के तहत वॉलंटियर्स को ट्रेनिंग भी दी जाएगी। नड्डा ने कहा कि 10 अगस्त तक जिला स्तर पर कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग दे दी जाएगी।

इसके अलावा मंडल लेवल ट्रेनिंग का कार्यक्रम 30 अगस्त तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत लोगों को कोविड प्रोटोकॉल के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा उन्हें इम्युनिटी बूस्ट करने के तरीकों के बारे में बताया




जाएगा। यही नहीं कोरोना वॉरियर्स को एक किट भी दी जाएगी ताकि वे उसके माध्यम से लोगों को मदद कर सकें। इसमें ऑक्सीमीटर और इम्युनिटी बूस्टर भी शामिल होंगे। नड्डा ने कार्यक्रम को लॉन्च करते हुए कहा, 'भाजपा का आयाम बहुत बड़ा है। भाजपा मानवता की सेवा के लिए काम कर रही है। सेवा ही संगठन के जरिए दुनिया का सबसे बड़ा सेवा कार्य हुआ है। आज जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य स्वयंसेवक अभियान शुरू किया गया है, यह दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य कार्यक्रम बनेगा।

जेपी नड्डा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य स्वयंसेवक अभियान के अंतर्गत 2 लाख गांवों तक पहुंचना है इस अभियान के अंतर्गत 4 लाख स्वास्थ्य स्वयंसेवक सम्मिलित होंगे।

मुझे खुशी है कि आज ही 48 हजार से ज्यादा लोग रजिस्ट्रेशन कराकर इस अभियान से जुड़ चुके हैं। जेपी नड्डा ने आज भाजपा केंद्रीय कार्यालय में ठराष्ट्रीय स्वास्थ्य स्वयंसेवक अभियानठ का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोद के मार्गदर्शन में आज जो अभियान शुरू किया गया है। यह दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य कार्यक्रम बनेगा।

जम्मू-कश्मीर में मुसीबत की बरसात

# किश्तवाड़ में तबाही के बाद अमरनाथ गुफा के पास भी फटा बादल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर में स्थित अमरनाथ गुफा के पास बादल फटने की घटना हुई है। गुफा के पास बादल फटने का एक वीडियो भी सामने आया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक इस घटना में बीएसएफ और सीआरपीएफ के कैंप को नुकसान पहुंचा है। हालांकि, बादल फटने की इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना अभी नहीं है। वहां एसडीआरएफ की दो टीमें पहले से तैनात थीं। एक अतिरिक्त टीम को भी वहां भेजा गया है। बता दें कि इस वर्ष अमरनाथ यात्रा स्थगित होने के चलते गुफा के पास कोई यात्री मौजूद नहीं हैं। केवल श्राइन बोर्ड के कर्मचारी और सुरक्षाकर्मी वहां तैनात हैं। न्यूज एजेंसी ंच्द ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें



बादल फटने की घटना को देखा जा सकता है।

वीडियो में कुछ लोगों की आवाज भी सुनाई दे रही है। जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि इस वीडियो को मोबाइल से बनाया गया है। पवित्र अमरनाथ गुफा के पास बादल फटने की घटना को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री ने लिखा कि 'बाबा अमरनाथ की पवित्र गुफा के पास बादल फटने के संबंध में मैंने जम्मू-कश्मीर के थ्ळ श्री मनोज सिन्हा जी से बात कर जानकारी ली है। राहत कार्यों व स्थिति के सटीक आकलन के लिए छक्त्थ् की टीमें वहाँ भेजी जा रही हैं।'

बता दें कि कोरोना महामारी को देखते हुए जम्मू कश्मीर प्रशासन ने अमरनाथ यात्रा को पिछले 2 सालों से रद्द कर रखा है। इस साल यह यात्रा 28 जून से शुरू होकर 22 अगस्त तक चलनी थी, लेकिन कोरोना की वजह से इसे लगातार दूसरे साल रद्द कर दिया गया। अमरनाथ की गुफा में बर्फ से प्राकृतिक शिवलिंग बनता है। यह सबसे कठिन तीर्थ यात्राओं में से एक है। यहां मौसम खराब रहता है। ऑक्सीजन की कमी रहती है। भूस्खलन और भारी बारिश का खतरा बना रहता है। आपको बता दें कि इससे पहले जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में बुधवार को बादल फटने से भारी तबाही हुई है। अब तक 7 लोगों के शव बरामद किये जा चुके हैं। कई लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। स्थानीय प्रशासन, एसडीआरएफ और सेना मौके पर राहत और बचाव के काम में जुटी हुई है। सेना की 17 राष्ट्रीय राइफल्स की टीम मदद में जुटी हुई है। इसका भी एक वीडियो सामने आया है।

यह घटना दाचन तहसील के होनजार गांव में सुबह के वक्त हुई है। इस घटना से प्रभावित लोगों के लिए खाना, सूखा राशन, दवाइयों आदि की व्यवस्था की गई है।इधर कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में करगिल के अलग-अलग इलाकों में बादल फटने की दो घटनाएं हुई हैं। विभिन्न क्षेत्रों में दो बादल फटने से एक लघु पनबिजली परियोजना, लगभग एक दर्जन मकान और खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा है।

# कांग्रेस के पर्चा फाड़ सांसदों के निलंबन का प्रस्ताव लाएगी सरकार, लोकसभा में किया था जमकर हंगामा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा की कार्यवाही के दौरान हंगामा करने और पर्चे फेंकने वाले 10 विपक्षी सांसदों के खिलाफ सरकार की ओर से निलंबन प्रस्ताव लाया जा सकता है। सरकार की ओर से लोकसभा स्पीकर के समक्ष कांग्रेस नेता टीएन प्रतापन, हिबी एडन, गुरजीत सिंह आहूजा, बिट्टी, मणिकल टैगोर, दीपक बैज, एएम आरिफ और ज्योतिमणि समेत 10 लोगों के खिलाफ निलंबन प्रस्ताव पेश किया जा सकता है। बुधवार को लोकसभा में एक बार फिर से पेगासस जासूसी कांड और किसान आंदोलन को लेकर भारी हंगामा देखने को मिला। यही नहीं इसी दौरान विपक्षी सांसदों ने पर्चे फाड़े प्लेकाड्र्स फेंक दिए। इसे लेकर सरकार ने नाराजगी जाहिर की है।

विपक्षी दलों की ओर से लगातार हंगामे के चलते सदन को तीन बार स्थगित करना पड़ा। हालांकि तमाम व्यवधानों के बाद भी किसी तरह से प्रशन्काल पूरा हो गया। इस मॉनसून सेशन में



यह पहला मौका था, जब प्रशन्काल पूरा हुआ। कांग्रेस और टीएमसी के सांसद लगातार नारेबाजी करते रहे। इसी दौरान प्रशन्काल समाप्त होते ही स्पीकर ओम बिरला सदन से चले गए और उनकी जगह पर राजेंद्र अग्रवाल बैठे। इसी दौरान कांग्रेस सांसदों ने दिन की कार्यवाही से जुड़े दस्तावेजों को फाड़ना शुरू कर दिया और कुछ पेज आसन की ओर भी फेंके। यही नहीं एक प्लेकार्ड का टुकड़ा स्पीकर के आसन के पास प्रेस गैलरी में भी आकर गिरा। हालांकि इस दौरान भी राजेंद्र अग्रवाल ने कार्यवाही को जारी रखा।

इस बीच बीजेपी ने कांग्रेस सांसदों के व्यवहार पर हमला बोला है। यही नहीं विपक्षी दल के हंगामे को लेकर बीजेपी ने कहा कि कोरोना संकट पर कोई चर्चा न होने देना राष्ट्रविरोधी है।

यही नहीं बीजेपी की ओर से विपक्षी दलों की एकता को लेकर भी निशाना साधा गया। भाजपा ने कहा कि पहले भी ये सभी दल पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ एकजुट हो चुके हैं। इसकी वजह अपने पारिवारिक हितों को साधना है। राहुल गांधी ने कहा था कि संसद में पेगासस जासूसी को लेकर चर्चा होनी चाहिए क्योंकि यह राष्ट्र विरोधी काम था। इस पर जवाब देते हुए भाजपा के प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि कोरोना संकट पर चर्चा न होने देना राष्ट्रविरोधी है। कोरोना संकट ने बुरी तरह से देश को प्रभावित किया था और इस पर चर्चा होनी चाहिए।

## मोदी के अंदाज में दिखे बसवराज बोम्मई, विधानसभा की साढ़ियों पर टेका मत्था

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक में बीएस येदियुरप्पा के इस्तीफे के बाद बसवराज बोम्मई को राज्य का मुख्यमंत्री बनाया गया है। मुख्यमंत्री बनने के बाद बसवराज बोम्मई बुधवार को राज्य विधानसभा भी पहुंचे। जहां उन्होंने विधानसभा में प्रवेश करने से पहले सीढ.ियों पर अपना मत्था टेका फिर आगे बढ़े। बता दें कि इससे पहले जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनकर पहली बार संसद पहुंचे थे तो उन्होंने भी सीढ.ियों पर मत्था टेका था। बोम्मई भी कुछ उसी अंदाज में नजर आए। बसवराज बोम्मई ने बुधवार को कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने यहां राज भवन में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# 11 राज्यों में हुए सर्वे में दो-तिहाई आबादी में मिली कोरोना वायरस एंटीबॉडीः स्वास्थ्य मंत्रालय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा 14 जून से छह जुलाई के बीच किए गए एक सीरो सर्वे के निष्कर्षों के अनुसार, 11 राज्यों में किए गए सर्वे में कम से कम दो-तिहाई आबादी में कोरोना वायरस एंटीबॉडी विकसित पाई गई। मध्य प्रदेश 79 प्रतिशत सीरोप्रीवैलेंस के साथ सूची में सबसे ऊपर है जबकि केरल 44.4 प्रतिशत के साथ सबसे नीचे है। असम में सीरोप्रीवैलेंस 50.3 प्रतिशत और महाराष्ट्र में 58 प्रतिशत है। भारत के 70 जिलों में आईसीएमआर द्वारा किए गए राष्ट्रीय सीरो सर्वे के चौथे दौर के निष्कर्षों को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को साझा किया। सर्वेक्षित जनसंख्या में 'सीरोप्रीवैलेंस राजस्थान में 76.2 प्रतिशत, बिहार में 75.9 प्रतिशत, गुजरात में 75.3 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 74.6 प्रतिशत, उत्तराखंड में 73.1 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 71 प्रतिशत,



आंध्र प्रदेश में 70.2 प्रतिशत, कर्नाटक में 69.8 प्रतिशत, तमिलनाडु में 69.2 प्रतिशत और ओडिशा में 68.1 प्रतिशत पाई गई।

निष्कर्षों के बारे में बताते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सलाह दी है कि वे आईसीएमआर के परामर्श से स्वयं के सीरो अध्ययनों का संचालन करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि ये अध्ययन एक मानकीकृत प्रोटोकॉल का पालन करते हैं।भारत में बुधवार को कोविड-19 के 43654 नए मामले आए जिससे संक्रमण के कुल मामले 31484605 पर पहुंच गए जबकि 640 और लोगों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या 4,22,022 हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सुबह आठ बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में उपचाराधीन मरीजों की संख्या 1336 की वृद्धि के साथ 399436 हो गई जो संक्रमण के कुल मामलों का 1.27 प्रतिशत है।



## मोदी सरकार के खिलाफ 'दीदी' की हुंकार, विपक्षी पाटिर्यां साथ आईं तो 6 महीने में आ जाएंगे नतीजे; बोलीं- हालात इमरजेंसी से भी गंभीर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली पहुंची ममता बनर्जी ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ हुंकार भरी है। ममता बनर्जी ने सभी विपक्षी पाटिर्यों से एकजुटता दिखाने की अपील की है।ममता बनर्जी ने सभी विपक्षी पाटिर्यों से अपील की है कि भाजपा से लड़ने के लिए सभी का एक-साथ आना बेहद जरुरी है। उन्होंने कहा कि 'कुछ राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं...हम समय-समय पर राजनीतिक दलों से मिलते रहेंगे। एक ऐसा प्लेटफॉर्म जरूर होना चाहिए जहां हम एक साथ काम कर सकें। संसद सत्र के बाद हम सब एक साथ बैठ कर जरूर इसपर फैसला करेंगे। ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि गैर भाजपाई मुख्यमंत्रियों के साथ उनके रिश्ते काफी अच्छे हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि आंध्र प्रदेश के सीएम जगन मोहन रेड्डी, ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन, महाराष्ट्र के चीफ मिनिस्टर उद्धव ठाकरे और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन इन सभी से उनके रिश्ते अच्छे हैं। अगर एक राजनीतिक आंधी आई तो आप उसे रोक नहीं पाएंगे। अगर विपक्षी पाटिर्यां गंभीर हो जाएं तो छह महीने में नतीजे सामने आ जाएंगे।'

हालांकि, जब पश्चिम बंगाल की सीएम से यह पूछा गया कि क्या वो विपक्ष का चेहरा बनेंगी? तब इसपर उन्होंने गोलमोल जवाब ही दिया। ममता ने कहा मैं राजनीतिक ज्योतिषी नहीं हूं, स्थिति पर निर्भर करता है; अगर कोई और नेतृत्व करता है तो उससे कोई समस्या नहीं है..मैं एक साधारण कार्यकर्ता हूं, एक कार्यकर्ता ही बनी रहना चाहती हूं।' ममता बनर्जी ने कहा कि पूरे देश में खेला होगा। यह एक सतत प्रक्रिया है। जब आम चुनाव होंगे तब यह मोदी बनाम देश होगा।

पेगासस जासूसी विवाद पर भी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा अभी हालात इमरजेंसी के दिनों से भी ज्यादा गंभीर हैं। ममता बनर्जी दिल्ली में हैं और यहां कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल से मुलाकात से पहले ममता बनर्जी ने पेगासस मुद्दे को जोर-शोर से उछाला। ममता बनर्जी ने कहा कि पेगासस क्या है? यह एक काफी ऊपर लेवल का वायरस है। हमारी सुरक्षा खतरे में हैं। किसी को भी आजादी नहीं है। ममता ने कहा कि 'मेरा फोन हैक है। अभिषेक बनर्जी का फोन पहले से ही हैक किया गया है...प्रशांत किशोर का भी..अगर आप एक फोन हैक करते हैं तो आप कई फोन हैक कर सकते हैं। ममता बनर्जी ने एक बार फिर पेगासस जासूसी कांड की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराए जाने की अपनी बात को दोहराया है। ममता ने कहा कि 'हमें सुप्रीम कोर्ट में भरोसा है। तो फिर एक जांच होने दीजिए...लेकिन उन्हें सच की परवाह नहीं है...अगर आप कोई मुद्दा उठाएंगे तो वो आपको नजरअंदाज कर देंगे...लेकिन इसकी भी एक सीमा होती है।'

# पेगासस पर राहुल गांधी ने घेरा तो बीजेपी ने कसा तंज- उनकी जासूसी से क्या मिलेगा, क्यों नहीं दर्ज करा रहे शिकायत?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेगासस जासूसी के मुद्दे पर विपक्ष सरकार को घेरने में जुटी है। बुधवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कई विपक्षी दलों के नेताओं के साथ रणनीति बनाई तो अब केंद्र के सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने इसे विपक्षी एकता का ड्रामा बताया है। बीजेपी ने तंज कसते हुए यह भी कहा है कि राहुल गांधी की जासूसी से क्या हासिल होगा? साथ ही पूछा कि यदि राहुल गांधी को लगता है कि उनकी जासूसी हुई है तो वह शिकायत क्यों नहीं दर्ज करा रहे हैं? बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, ''यदि उनका (राहुल गांधी) का फोन



हथियार है, अब तक उन्होंने शिकायत नहीं दर्ज कराई है, वे केवल प्रेस कॉन्फ्रेंस क्यों कर रहे हैं। कोई राहुल गांधी की जासूसी क्यों करेगा? वह कांग्रेस पार्टी को चलाने में विफल हैं। उनकी जासूसी से क्या मिलेगा? राहुल जी आपको अपने फोन की जांच करानी चाहिए।''

बीजेपी प्रवक्ता ने आगे कहा, ''विपक्षी पाटिर्यां क्या चाहती हैं? उनका एक ही लक्ष्य है, अपने परिवारों को बचाना। राहुल और प्रियंका केवल राजनीतिक रूप से स्थापित होना चाहते हैं। पीएम मोदी की चिंता सिर्फ भारत को विकास के पथ पर स्थापित करने की है। जनता विपक्षी एकता के ड्रामे को समझती है।'' संबित पात्रा ने कहा, ''पीएम मोदी अहम मुद्दों पर बैठक बुलाते हैं, लेकिन कांग्रेस बायकॉट कर देती है। आप (राहुल गांधी) कह रहे हैं कि एक फर्जी उद्देश्य (पेगासस) हमारे लिए अहम है, कोविड नहीं। आप लोगों की जिंदगी के साथ खेल रहे हैं। आप लोगों की आवाज को दबा रहे हैं।''

# पबजी और फ्री-फायर जैसे गेम की होगी निगरानी, दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को दिया निर्देश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उच्च न्यायालय ने बुधवार को केंद्र सरकार से पब्जी और फ्री फायर जैसे आनलाइन और आफलाइन गेमों की निगरानी और इसके लिए नीति बनाने की मांग पर विचार करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने इस मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार को यह निर्देश दिया है। याचिका में इस तरह के आनलाइन और आफलाइन खेलों की नियमन के लिए एक प्राधिकार भी बनाने की मांग की गई है। मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल और न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ ने सरकार को इस याचिका को बतौर प्रतिवेदन स्वीकार करने और इसमें किए गए मांगों कर विचार करने को कहा है। पीठ ने सरकार को मौजूदा कानून, नीतियों के आधार पर याचिका में उठाए गए पहलुओं पर विचार करने और समुचित निणन्य लेने को कहा है। इसके साथ ही न्यायालय ने जनहित याचिका का निपटारा कर दिया। याचिका में सरकार से पब्जी और फ्री फायर जैसे आनलाइन और आफलाइन गेमों की निगरानी और इसके लिए नीति बनाने का आदेश देने की मांग की गई थी। साथ ही सरकार को एक समिति बनाकर यह पता लगाने का आदेश देने की मांग की है कि ये गेम कितना हानिकारक है और बच्चों व युवाओं पर क्या प्रभाव पड़ रहा है।

उच्च न्यायालय में गैर सरकारी संगठन 'डिस्ट्रिक्ट मैनेजमेंट क्लेकटिव' ने दाखिल की थी। याचिका में सरकार को आनलाइन और आफलाइन गेमों के निगरानी के लिए नीति बनाने और अन्य देशों की तरह गेम का ग्रेडिंग करने का भी आदेश देने की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया था कि ये हिंसात्मक गेम बच्चों में आक्रामकता की ओर ले जा रहा है। याचिका में दावा किया गया कि इस तरह के गेम बच्चा व युवाओं को गलत रास्ते की ओर ले जाने का प्रयास करता है। संगठन की ओर से अधिवक्ता रोबिन राजू ने याचिका में महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय और विधि एवं न्याय मंत्रालय को पक्षकार बनाया है। याचिका में कहा है कि कोरोना महामारी के दौरान न सिर्फ ऑफिस बल्कि स्कूलों का संचालन भी ऑनलाइन हो रहा है, ऐसे में बच्चे भी ऑनलाइन पढ़ाई करने लगे। साथ ही कहा है कि ऑनलाइन कक्षा की वजह से बच्चों के हाथ में भी मोबाइल आ गया है। याचिका में कहा गया है कि बच्चे मोबाइल से ऑनलाइन पढ़ाई के साथ-साथ अलावा ऑनलाइन गेम खेलने लगे हैं।

## मुख्तार अंसारी की बैरक में लगेगी टीवी? विशेष न्यायाधीश ने बांदा जेल अधीक्षक को दिया यह आदेश

**मऊ (एजेंसी)।** बांदा जेल में बंद बाहुबली विधायक व माफिया मुख्तार अंसारी लगातार अपनी बैरक में टीवी लगाने की गुहार लगाता रहा है। बुधवार को एक बार फिर गैंगस्टर कोर्ट में वर्चुअल पेशी के दौरान उसकी तरफ से लिखित आवेदन कर गुहार लगाई गई। इस पर गैंगस्टर कोर्ट के न्यायाधीश रामअवतार प्रसाद की अदालत ने जिला कारागार बांदा से आई आख्या और मुख्तार अंसारी के अधिवक्ता दारोगा सिंह और विशेष लोक अभियोजक की दलीलों को सुना। अदालत ने कहा कि जेल मैनुअल और शासनादेश में शामिल प्राविधान के अनुसार अनुमति योग्य हो तो बैरक में टीवी लगाया जाना सुनिश्चित करें। मुख्तार अंसारी के अधिवक्ता द्वारा दिए गए चारों आवेदनों में से टीवी लगाने की मांग वाले आवेदन पर सुनवाई हुई। विशेष गैंगस्टर कोर्ट रामअवतार प्रसाद की अदालत ने मुख्तार अंसारी के अधिवक्ता दारोगा सिंह एवं विशेष लोक अभियोजक की दलीलों को सुना।

# सीएम योगी ने दी बड़ी राहत, यूपी के 27 लाख कर्मचारियों को महंगाई भत्ता देने का आदेश

**लखनऊ (एजेंसी)।** केन्द्रीय कर्मचारियों के तहत अब यूपी के भी कर्मचारियों को पेंशन और बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता देने का आदेश जारी कर दिया है। इससे यूपी के 27 लाख कर्मचारियों को फायदा पहुंचेगा। इसमें 15 लाख राज्य कर्मचारी और 12 लाख पेंशनर्स शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य कमिर्यों और पेंशनर्स को कोरोना संक्रमण काल में स्थगित महंगाई भत्ता-महंगाई राहत (डीए-डीआर) देने का निर्देश वित्त विभाग को दिया है। इससे संबंधित प्रस्ताव मुख्यमंत्री के अनुमोदन के लिए मांगा गया है। अगले एक-दो दिनों में आदेश जारी हो जाने की उम्मीद है। 15 लाख राज्य कर्मचारियों को बढ़ा हुआ डीए और 12 लाख पेंशनर्स को बढ़े हुए डीआर का फायदा मिलेगा। डीए और डीआर बढ़ने के बाद 17 से 28 फीसदी हो जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य कमिर्यों और पेंशनर्स को कोरोना संक्रमण काल में स्थगित



महंगाई भत्ता-महंगाई राहत (डीए-डीआर) देने का निर्देश वित्त विभाग को दिया है। इससे संबंधित प्रस्ताव मुख्यमंत्री के अनुमोदन के लिए मांगा गया है। अगले एक-दो दिनों में आदेश जारी हो जाने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश बुधवार को टीम-9 के साथ बैठक के दौरान दिए। मुख्यमंत्री के इस निर्देश की सूचना के साथ ही कर्मचारियों के चेहरे खिल गए। अब उन्हें जनवरी 2020, जुलाई 2020 और जनवरी 2021 के महंगाई भत्ते का लाभ जुलाई के वेतन से मिलने की पूरी संभावना है। केंद्र सरकार की तरह राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में भी 11 फीसदी की वृद्धि हो जाएगी। डीए-डीआर के भुगतान पर राज्य सरकार के खजाने पर करीब 6400 करोड़ रुपये का सालाना बोझ पड़ेगा।

वित्त विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय कर्मचारियों व पेंशनर्स को डीए-डीआर दिए जाने का शासनादेश जारी होने के बाद ही वित्त विभाग ने इससे संबंधित फाइल पर काम शुरू कर दिया था।

बताया जाता है कि वित्त वेतन अनुभाग ने बढ़े हुए डीए-डीआर के भुगतान से संबंधित प्रस्ताव तैयार कर विभागीय उच्चाधिकारियों को बढ़ा दिया है। इस प्रस्ताव को मुख्यमंत्री का अनुमोदन मिलने के साथ ही स्थगित डीए-डीआर के भुगतान का शासनादेश जारी कर दिया जाएगा। बताया जाता है कि सभी विभागों ने कर्मचारियों के जुलाई माह के वेतन बिल तैयार कर लिए हैं, कुछ ने अपने बिल ट्रेजरी में प्रस्तुत कर दिए हैं। जिन विभागों के बिल ट्रेजरी पहुंच गए होंगे वहां के कर्मचारियों को बढ़े हुए डीए का लाभ जुलाई माह के वेतन के साथ नहीं मिल पाएगा। इन कर्मचारियों को अगस्त माह के वेतन में एरियर के साथ यह लाभ मिल सकेगा। आदेश होने तक जिन विभागों ने ट्रेजरी में वेतन बिल नहीं भेजे होंगे, वे बढ़े हुए डीए के साथ संशोधित बिल तैयार कर सकेंगे। ऐसे विभागों के कर्मचारियों के जुलाई माह के वेतन के भुगतान में दो-तीन दिन विलंब हो सकता